● जयपुर, शुक्रवार 6 दिसंबर 24 ● वर्ष 14 ● अंक 100 ● पृष्ठ : 8 ● मूल्य : 1 रुपये
www.chamaktarajasthan.in| Email : chamaktarajasthan8789@gmail.com

डाक पंजीयन संख्या: RJ/JPC/D19/2024-25 RNI. No. RAJHIND/2011/40950

दैनिक राज्य तथा केंद्र द्वारा मान्यता प्राप्त सच के साथ मजबूती से बढ़ाये क़दम

# चमकता राजस्थान

विज्ञापन के लिए : 93145 05000

जयपुर से प्रकाशित एवं प्रसारित

अजमेर, सीकर, झुंझनुं, सवाईमाधोपुर, चित्तौड़गढ़, बूंदी, धौलपुर, हिंडौन, भरतपुर, झालावाड़, जोधपुर, बीकानेर से प्रसारित

सुविचार

''सत्य को हज़ार तरीकों से बताया जा सकता है, फिर भी हर एक सत्य ही होगा।''

● स्वामी विवेकानंद

पेज @3 सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की मूर्ति का अनावरण, गोगामेड़ी में नया बदलाव और संघर्ष..

पेज @4 सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की मूर्ति का अनावरण, गोगामेड़ी में नया बदलाव...

पेज @8 'वित्तीय साक्षरता' थीम पर केंद्रित कर मनाया गया स्कूल का वार्षिक...

## संक्षिप्त खबरें

### झारखंड कैबिनेट की बैठक आज, होंगे महत्वपूर्ण फैसले

**रांची।** झारखंड में गुरुवार को कैबिनेट के विस्तार के बाद शुक्रवार को कैबिनेट की बैठक रखी गई है। बैठक में कई जनकल्याणकारी योजनाओं पर फैसले लिए जा सकते हैं। बैठक दोपहर तीन बजे से प्रोजेक्ट भवन में होगी। मंत्रिमंडल सचिवालय और निगरानी विभाग (समन्वय) की ओर से गुरुवार को यह जानकारी दी गयी है।

### जस्टिस मनमोहन ने सुप्रीम कोर्ट के जज के रूप में शपथ ली

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस संजीव खन्ना ने गुरुवार को दिल्ली हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस मनमोहन को सुप्रीम कोर्ट के जज के रूप में शपथ दिलाई। जस्टिस मनमोहन को चीफ जस्टिस के कोर्ट नंबर एक में शपथ दिलाई गई। जस्टिस मनमोहन के शपथ लेने के साथ ही सुप्रीम कोर्ट में जजों की कुल संख्या 33 हो गई है। राष्ट्रपति ने 3 दिसंबर को जस्टिस मनमोहन को सुप्रीम कोर्ट के जज के रूप में नियुक्त किया था। सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने 28 नवंबर को जस्टिस मनमोहन को सुप्रीम कोर्ट का जज नियुक्त करने की सिफारिश की थी। जस्टिस मनमोहन को 13 मार्च, 2008 को दिल्ली हाई कोर्ट का जज नियुक्त किया गया था। जस्टिस मनमोहन 29 सितंबर, 2024 से दिल्ली हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस के रूप में काम कर रहे थे। उल्लेखनीय है कि सुप्रीम कोर्ट में चीफ जस्टिस समेत जजों की कुल स्वीकृत संख्या 34 है।

### 'मोदी अडानी एक' नारा लिखी टीशर्ट पहन संसद पहुंचे राहुल

**नयी दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी तथा पार्टी के अन्य कई सदस्य 'मोदी अडानी एक' नारा लिखे कपड़े पहनकर गुरुवार को संसद पहुंचे और उद्योगपति गौतम अडानी पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए इस मामले की जांच की मांग की। श्री गांधी तथा पार्टी के अन्य सांसदों ने सांसद भवन परिसर में सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर अडानी की मदद करने का आरोप लगाते हुए इस मामले की व्यापक जांच की मांग की। इस दौरान मानव श्रृंखला भी बनाई गई। श्री गांधी ने एक सवाल पर कहा कि श्री मोदी कभी अडानी मामले की जांच नहीं कर सकते क्योंकि वह खुद इस मामले के दायरे में आ रहे हैं।

### पुंछ में नियंत्रण रेखा के पास संदिग्ध गतिविधि देखने के बाद जवानों ने की गोलीबारी

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास बुधवार देर रात संदिग्ध गतिविधि देखने के बाद सेना के जवानों ने गोलीबारी की। गुरुवार को सुबह होते ही तलाशी अभियान शुरू कर दिया गया है। अधिकारियों ने गुरुवार को बताया कि संभावित घुसपैठ मार्गों पर घात लगाकर बैठे जवानों ने बुधवार देर रात बग्यालदारा गांव के पास संदिग्ध गतिविधि देखी और कुछ राउंड फायरिंग की। अधिकारियों ने बताया कि इसके साथ ही संदिग्ध स्थान के आसपास की घेराबंदी मजबूत कर दी गई है। उन्होंने बताया कि सेना की गोलीबारी में कोई हताहत नहीं हुआ। अधिकारियों के अनुसार गुरुवार को सुबह होते ही तलाशी अभियान शुरू कर दिया गया, जो समाचार लिखे जाने तक जारी है।

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सहित उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी, एवं डॉ. प्रेमचंद बैरवा मुंबई में मुख्यमंत्री फडनवीस के शपथग्रहण में हुए शामिल

## महाराष्ट्र के नवनिर्वाचित मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस एवं अजित पवार व एकसाथ शिंदे को उपमुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने दी बधाई

चमकता राजस्थान

**जयपुर, (खलील कुरैशी)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा गुरूवार को मुंबई में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गरिमामयी उपस्थिति में आयोजित महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए। उन्होंने देवेन्द्र फडणवीस को महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री तथा एकनाथ शिंदे एवं अजीत पवार को उपमुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने पर बधाई दी। इस अवसर पर शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में डबल इंजन की सरकार महाराष्ट्र के विकास को नई दिशा और गति प्रदान करेगी इसके साथ ही राजस्थान के उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी और डॉ. प्रेमचंद बैरवा भी मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के साथ गुरुवार को मुंबई दौरे पर रहे। इस दौरान उन्होंने भी महाराष्ट्र के नवनिर्वाचित मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के शपथ ग्रहण समारोह में शिरकत की। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के साथ दोनों उपमुख्यमंत्रीयों ने फडणवीस को तीसरी बार पद की शपथ लेने की बधाई और शुभकामनाएं दी। दीया कुमारी तथा डॉ. बैरवा ने संयुक्त रूप से अजीत पवार को महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री पद की शपथ लेने की भी हार्दिक बधाई दी।इसके साथ ही दोनों उप मुख्यमंत्रीयों ने शपथ ग्रहण के बाद महाराष्ट्र के नवनिर्वाचित मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस एवं उपमुख्यमंत्री अजीत पवार से आत्मीय भेंट कर उन्हें स्वर्णिम कार्यकाल के लिए मंगलमय शुभकामनाएं प्रेषित कीं। अपनी शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कहा कि उन्हें पूर्ण विश्वास है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल मार्गदर्शन में नवनिर्वाचित मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस तथा उपमुख्यमंत्री के नेतृत्व में महाराष्ट्र की विकास यात्रा निरंतर आगे बढ़ती रहेगी। साथ ही, सुशासन और समृद्धि के माध्यम से लोक-कल्याण का मार्ग प्रशस्त होगा।








### गुमला : बसिया चेक नाका के पास भीषण सड़क हादसा

## तीन की मौत, दो लोग गंभीर



- बसिया चेक नाका के समीप खड़े ट्रक को कार ने पीछे से मारी टक्कर
- सभी मृतक रांची के पिस्का मोड़ हेसल देवी मंडप रोड के रहने वाले, सिमडेगा से शादी समारोह में शामिल होकर लौट रहे थे सभी

संवाददाता

**गुमला।** जिले के बसिया अनुमंडल मुख्यालय के थाना गेट के समीप बुधवार की देर रात भीषण सड़क दुर्घटना हुई है। इस दुर्घटना में तीन लोगों की मौत हो गई है. वहीं दो लोग गंभीर रूप से घायल हैं।

बताया जा रहा है कि बसिया चेक नाका के समीप खड़े बीड़ी पत्ता लोड ट्रक को कार ने पीछे से टक्कर मार दी, जिससे कार के परखच्चे उड़ गए। सभी मृतक पिस्का मोड़ हेसल देवी मंडप रोड के रहने वाले है। सभी रांची से सिमडेगा शादी समारोह में शामिल होने गए थे, जहाँ से लौटने के क्रम में यह हादसा हुआ है।

मृतकों में प्रवीण कुमार, रतन घोष व पवन साहू है। जबकि विश्वजीत घोष एवं असीम घोष घायल है। बताया जा रहा है कि सभी लोग एक ही कार में रांची से सिमडेगा शादी समारोह में गए थे। शादी समारोह संपन्न होने के बाद सभी रांची लौट रहे थे, तभी बसिया के समीप खड़े ट्रक से उनकी कार जा टकरायी। रात को ही पुलिस पहुंची और सभी को उठाकर अस्पताल ले गयी, जहाँ डॉक्टर ने तीन लोगों को मृत घोषित कर दिया। वहीं अन्य घायलों का अस्पताल में इलाज चल रहा है।

## केंद्र ने टेक्निकल टेक्सटाइल्स के क्षेत्र में दो स्टार्ट-अप को दी मंजूरी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** कपड़ा मंत्रालय के सचिव ने राष्ट्रीय टेक्निकल टेक्सटाइल्स मिशन के तहत 9वीं अधिकार प्राप्त कार्यक्रम समिति (ईपीसी) की बैठक की अध्यक्षता की। समिति ने 'टेक्निकल टेक्सटाइल्स में महत्वाकांक्षी अन्वेषकों के लिए अनुसंधान और उद्यमिता अनुदान (ग्रेट)' योजना के तहत लगभग 50 लाख रुपये प्रत्येक के अनुदान के साथ 2 स्टार्ट-अप को मंजूरी दी है।

कपड़ा मंत्रालय ने बताया कि समिति ने 'टेक्निकल टेक्सटाइल्स में शैक्षणिक संस्थानों को सक्षम बनाने के लिए सामान्य दिशा-निर्देश' के तहत टेक्निकल टेक्सटाइल्स में पाठ्यक्रम शुरू करने के लिए 6 शिक्षण संस्थानों को लगभग 14 करोड़ रुपये के अनुदान को भी मंजूरी दी है।

स्वीकृत स्टार्ट-अप परियोजनाएं टिकाऊ वस्त्रों और मेडिकल टेक्सटाइल्स के प्रमुख रणनीतिक क्षेत्रों पर केंद्रित हैं। अनुमोदित शिक्षा संस्थानों ने मेडिकल टेक्सटाइल, मोबाइल टेक्सटाइल, जियोटेक्सटाइल्स, जियोसिंथेटिक्स आदि सहित सभी टेक्निकल टेक्सटाइल्स के विभिन्न क्षेत्रों और अनुप्रयोगों में नए बीटेक पाठ्यक्रम शुरू करने का प्रस्ताव दिया है।

## पंजाब : तीन तस्कर गिरफ्तार, करोड़ों की हेरोइन व ड्रग बरामद

**चंडीगढ़।** नशा तस्करों के विरुद्ध अभियान चलाते हुए पंजाब पुलिस ने भारी मात्रा में नशीला पदार्थ और ड्रग मनी को जब्त किया है। जांच में पता चला है कि नशे की यह खेप सरहद पार से आई थी और इसे पंजाब के साथ-साथ अन्य राज्यों में कई जगह सप्लाई किया जाना था। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने गुरुवार को बताया कि काउंटर इंटेलिजेंस अमृतसर ने विशेष ऑपरेशन के तहत तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी अमृतसर के पंजाबी बाग रिसॉर्ट के पास की गई है। ऑपरेशन के दौरान आरोपितों के पास से पांच किलोग्राम हेरोइन और 4.45 लाख रुपए की ड्रग मनी जब्त की गई। मामला दर्ज करने के बाद आरोपितों से उनके संपर्कों के बारे में जानकारी ली जा रही है।

### देवेंद्र फडणवीस ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री पद की ली शपथ

## तीसरी बार संभाली सत्ता की बागडोर

एजेंसी

**मुंबई।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) विधायक दल के नेता देवेंद्र फडणवीस ने गुरुवार को आजाद मैदान में तीसरी बार महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली है। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। अब देवेंद्र फडणवीस महाराष्ट्र के 21वें मुख्यमंत्री बन गए हैं। उनके साथ एकनाथ शिंदे और अजीत पवार ने उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ली है। अजीत पवार ने आज छठवीं बार उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ली है। देवेंद्र फडणवीस ने पहली बार 2014 में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी और पूरे पांच साल राज्य के मुख्यमंत्री रहे थे। इसके बाद 2019 में दूसरी बार मुख्यमंत्री बने लेकिन सिर्फ तीन दिन मुख्यमंत्री रह सके थे। बुधवार दोपहर भाजपा विधायक दल का नेता चुने जाने के बाद उन्होंने अपने सहयोगी दल शिवसेना के नेता एवं कार्यवाहक मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे एवं राकांपा के अध्यक्ष अजित पवार के साथ राजभवन जाकर सरकार बनाने का दावा पेश किया। फडणवीस सरकार को समर्थन का पत्र देने के बावजूद एकनाथ शिंदे आज शपथग्रहण के अंतिम समय तक असमंजस में थे कि वह उपमुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे या नहीं।

भारतीय जनता पार्टी के नेता गिरीश महाजन के साथ चर्चा के बाद महाराष्ट्र के कार्यवाहक मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे गुरुवार को आजाद मैदान में आयोजित समारोह में उपमुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के लिए तैयार हो गए। महाराष्ट्र के कार्यवाहक मुख्यमंत्री और शिवसेना शिंदे समूह के अध्यक्ष एकनाथ शिंदे और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा एपी) के अध्यक्ष अजीत पवार ने भी उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ली है। अजीत पवार ने आज छठवीं बार उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ली है।

### ● एकनाथ शिंदे और अजीत पवार ने ली उपमुख्यमंत्री पद की शपथ



**शपथ ग्रहण समारोह में इनकी रही उपस्थिति**

शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, रामदास आठवले, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार समेत कई राजनेता मौजूद रहे।

### शीतकालीन सत्र > राज्य सभा में गूंजा विदेशी ताकतों के जरिये देश में अस्थिरता फैलाने का मुद्दा

## भारतीय वायुयान विधेयक 2024 को संसद से मिली मंजूरी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** राज्यसभा ने गुरुवार को भारतीय वायुयान विधेयक 2024 को ध्वनिमत से पारित कर दिया। इसके साथ इसपर संसद की मुहर लग गयी। लोकसभा इसे पहले ही पारित कर चुकी है।

नागर विमानन मंत्री किंजरापु राममोहन नायडु ने सदन में भारतीय वायुयान विधेयक 2024 पर दो दिन में लगभग छह घंटे तक चली चर्चा का जवाब देते हुए कि विधेयक का नाम भारतीय भाषाओं के अनुरूप है। देश में विमानन क्षेत्र तेजी से बढ़ रहा है। देश के विकास के साथ इस क्षेत्र में भी वृद्धि हो रही है। देश में नये हवाई अड्डे बनाये जा रहे हैं। यह विधेयक भारतीय वायुयान अधिनियम 1934 का स्थान लेगा।



श्री नायडु ने कहा कि उडान योजना ने देश में नागरिक उड्डयन क्षेत्र के परिदृश्य में भारी बदलाव हो रहा है। अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्थाओं के अनुरुप देश के उड्डयन को बनाने की जरुरत है। इसलिए यह विधेयक लाया गया है। विधेयक में यात्रियों की सुरक्षा और सुविधाओं का ध्यान रखा गया है। इसमें यात्रियों की निजता बनाये रखने का प्रबंध किया गया है। उन्होंने कहा कि ड्रोन के परिचालन और संचालन को भली भांति परिभाषित किया गया है। सरकार का उद्देश्य विमानन क्षेत्र का विकास करना है और इसमें निजी क्षेत्र का सहयोग लिया जा रहा है।

यह विधेयक केंद्र सरकार को वायुयान निर्माण, डिजाइन, मेंटेनेंस, स्वामित्व, उपयोग, परिचालन, बिक्री, निर्यात और आयात पर पूरा नियंत्रण प्रदान करता है। वायुयान से जुड़े अन्य मामलों में भी नियमन और नियंत्रण का अधिकार केंद्र सरकार का होगा। विधेयक में विमान को खतरनाक तरीके से उड़ाने, विमान में हथियार या विस्फोटक ले जाने, हवाई अड्डों के पास कूड़ा-कचरा फैलाने या जानवरों का वध करने को अपराध माना गया है। इन अपराधों के लिए तीन साल तक की कैद, एक करोड़ रुपये तक का जुर्माना या दोनों हो सकते हैं।

### लोकसभा में पारित नहीं हो सका रेलवे विधेयक



**नई दिल्ली।** लोकसभा में गुरुवार को रेलवे (संशोधन) विधेयक पारित किया जाना था लेकिन विपक्ष के संभल और अडाणी मुद्दे पर हंगामे के चलते कार्यवाही दो बार स्थगित होने के बाद दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई।

लोकसभा में आज संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने विपक्ष के स्लोगन वाले जैकेट और टीशर्ट पहनने पर आपत्ति दर्ज कराई। विपक्ष संभल मुद्दे पर अपनी बात रखने को लेकर अड़ा रहा है। इसी बीच उद्योगपति गौतम अडाणी के खिलाफ नारेबाजी भी हुई। कार्यवाही को पहले 2 बजे फिर तीन बजे तक स्थगित किया गया। तीन बजे भी विपक्ष के हंगामे के कारण कार्यवाही को आखिरकार दिनभर के लिए स्थगित कर दिया गया। इससे पहले संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने लोकसभा में विपक्षी सांसदों के आक्षेप भरे स्लोगन लगी जैकेट पहनकर आने पर आपत्ति जताई और कहा कि विपक्ष ने अपने फैशन शो से सदन की गरिमा गिराई है। मालूम हो कि लोकसभा में गुरुवार को विपक्षी सदस्य 'एक हैं तो सैफ हैं' के स्लोगन के साथ तस्वीर बनीं जैकेट पहनकर आए। विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने भी ऐसी ही टीशर्ट पहनी थी। इसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को उद्योगपति गौतम अडाणी से जोड़ते हुए कटाक्ष किया गया था।

## दिल्ली-एनसीआर में ग्रैप-4 की पाबंदियां हटाने को सुप्रीम कोर्ट की इजाजत

एजेंसी

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली एनसीआर में ग्रैप-4 के तहत लगी पाबंदियों को हटाने की इजाजत दे दी है। कोर्ट ने एक्यूआई में गिरावट के चलते ये फैसला लिया है। कोर्ट ने साफ किया है कि अगर एक्यूआई 350 से ऊपर जाता है तो वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग तुरंत ग्रैप-3 और अगर 400 से ऊपर गया तो आयोग तुरंत ग्रैप-4 लागू करेगा।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अभी कुछ अतिरिक्त पाबंदियों के साथ ग्रैप-2 को लागू किया जा सकता है। जस्टिस एएस ओका की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि ग्रैप-2 से कम की स्टेज को अभी लागू नहीं किया जाएगा। आज सुनवाई के दौरान कोर्ट ने ग्रैप-4 लगाये जाने के बाद निर्माण मजदूरों को मिलने वाले मुआवजे की रकम का भुगतान नहीं करने पर दिल्ली के मुख्य सचिव धर्मेंद्र को फटकार लगाई। कोर्ट ने कहा कि आप निर्माण मजदूरों को भूखे मार डालना चाहते हैं। तब दिल्ली सरकार की ओर से पेश वकील शदान फरासत ने कहा कि रजिस्टर्ड निर्माण मजदूरों को दो-दो हजार रुपये दिए गए हैं। तब कोर्ट ने कहा कि मुझे ये नहीं समझ आता है कि नौकरशाही इतना वेरिफिकेशन क्यों कर रही है। निर्माण मजदूरों को छह हजार रुपये और मिलने चाहिए थे। कोर्ट ने 2 दिसंबर को दिल्ली-एनसीआर में ग्रैप-4 के तहत लगी पाबंदियां जारी रखने का आदेश दिया था।

## संक्षिप्त खबरें

### नक्सलियों ने की दो पूर्व सरपंचों की हत्या

**बीजापुर/रायपुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में नक्सलियों ने एक ही दिन में दो पूर्व सरपंचों की हत्या कर दी है। नक्सलियों ने आज गुरुवार सुबह भैरमगढ़ थाना क्षेत्र के सुकलु फरसा और कडेर के पूर्व सरपंच सुखराम अवलम को मौत के घाट उतार दिया। बुधवार को परिजन और बेटी यामिनी ने थाना में सूचना के दौरान सोशल मीडिया में पिता को छोड़ने मार्मिक अपील की थी। बीजापुर एडिशनल एसपी चंद्रकांत गवर्ना ने घटना की पुष्टि की है। बीजापुर एडिशनल एसपी चंद्रकांत गवर्ना ने बताया कि माओवादियों ने दोनों सरपंचों का अगल-अलग स्थान से अपरहण किया था, जिसके बाद उनकी निर्मम हत्या कर दी।नक्सलियों ने प्रेस नोट जारी कर भाजपा पार्टी से जुड़ने का आरोप लगाया है।

### 40 हजार की रिश्वत लेते रंगेहाथों गिरफ्तार

**उज्जैन।** उज्जैन लोकायुक्त पुलिस की टीम ने गुरुवार को एक पटवारी को 40 हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। आरोपित पटवारी ने यह रिश्वत सीमांकन के बाद रिपोर्ट देने के एवज में मांगी थी। लोकायुक्त पुलिस अधीक्षक अनिल विश्वकर्मा ने बताया कि पंचेड़ निवासी आवेदक गोपाल उपाध्याय ने शिकायती आवेदन दिया था कि उसकी भूमि का सीमांकन हो चुका है। पटवारी रमेशचंद बैरागी रिपोर्ट देने के बदले रिश्वत की मांग कर रहा है। इस पर उन्होंने शिकायत की तस्दीक करवाई।

### मुठभेड़ के बीच पुलिस ने दबोचा बदमाश

**फरीदाबाद।** बुधवार देर रात पुलिस की एक बदमाश से मुठभेड़ हो गई। क्रॉस फायरिंग के दौरान बदमाश के पैर पर गोली लगी और पुलिस ने उसे दबोच लिया। फिलहाल उसका उपचार जिला सिविल अस्पताल में चल रहा है। पुलिस प्रवक्ता ने गुरुवार को बताया कि बदमाश का नाम विपिन है। वह मूल रूप से बिहार का रहने वाला है। बताया जा रहा है कि आरोपी अंतरराज्यीय लूट और चोरी के गिरोह का सदस्य है। वह जेल में था और पिछले महीने ही जमानत पर बाहर आया है। उस पर 12 मामले फरीदाबाद में और एक मामला गुरुग्राम में पहले से ही दर्ज हैं। बुधवार देर रात को फरीदाबाद क्राइम ब्रांच सेक्टर-85 की टीम गश्त पर थी।

### राइजिंग राजस्थान में दिखेगी प्रदेश की कला एवं संस्कृति : भजनलाल शर्मा



**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट को सफल बनाने के लिए 10 दिनों तक प्रत्येक दिन एक नए संकल्प लेने की पहल की है। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री ने बुधवार को सातवां संकल्प लेते हुए कहा कि राइजिंग राजस्थान समिट में प्रदेश की अनूठी कला एवं संस्कृति का प्रदर्शन किया जाएगा। शर्मा ने कहा कि राइजिंग राजस्थान समिट में प्रदेश की उत्कृष्ठ कला एवं गौरवशाली संस्कृति का प्रदर्शन आयोजन की भव्यता को बढ़ाएगा। साथ ही, राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी हमारी कला एवं संस्कृति की लोकप्रियता बढ़ेगी।

### पाकिस्तान के कई शहरों में 5.1 तीव्रता का भूकंप

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के लाहौर, गुजरात और पंजाब के कई अन्य शहरों में आज भूकंप के झटके महसूस किए गए। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 5.1 दर्ज की गई। लोग घबराकर अपने घरों और इमारतों से बाहर निकल आए।भूकंप के झटके झेलम, कमालिया, खानेवाल के साथ चिचावतनी, भलवाल, चिनिओट और हफीजाबाद सहित क्षेत्रों में महसूस किए गए। भूकंप का केंद्र खारियन के पास 15 किलोमीटर की गहराई में मापा गया। पाकिस्तान मौसम विज्ञान केंद्र के महानिदेशक ने कहा, पंजाब के प्रांतीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की प्रारंभिक रिपोर्ट के अनुसार, भूकंप से किसी भी तरह की जान-माल की हानि नहीं हुई है। प्रशासन सक्रिय रूप से इमारतों का निरीक्षण कर रहा है।

### चीन में जमीन धंसी, 13 मजदूर लापता


**बीजिंग।** चीन के एक शहर में जमीन का बड़ा हिस्सा धंस जाने से 13 मजदूर लापता हो गए। यह हादसा दक्षिण चीन के गुआंगडोंग प्रांत के शेनझेन में हुआ। स्थानीय अधिकारियों ने आज कहा कि रात लगभग 11 बजे शेनझेन में रेलवे परियोजना के एक निर्माण स्थल पर अचानक जमीन का बड़ा हिस्सा धंस गया। इस हादसे में 13 लोग लापता हो गए। यह सभी मजदूर हैं। चीन की सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने बाओआन जिले के आपातकालीन प्रबंधन ब्यूरो के हवाले से कहा कि यह हादसा शेनझेन-जियांगमेन रेलवे के एक खंड के निर्माण स्थल पर हुआ।

### नक्सलियों ने दो पूर्व सरपंचों की हत्या की

**बीजापुर।** जिले में एक दिन में नक्सलियों ने भाजपा से जुड़े दो पूर्व सरपंचों की धारदार हथियारों से नक्सलियों ने हत्या कर दी है। नक्सलियों ने आज गुरुवार को भैरमगढ़ थाना क्षेत्र के सुकलु फरसा और कडेर के पूर्व सरपंच सुखराम अवलम को मौत के घाट उतार दिया है। नक्सलियों ने दोनों सरपंचों को अगल-अलग स्थान से अपरहण किया था।

# मप्र में 12 साल पुरानी स्कूल बसें नहीं चलेगी : हाईकोर्ट

● कोर्ट ने कलेक्टर और पुलिस अधीक्षकों को गाइडलाइन का पालन करवाने की जिम्मेदारी सौंपी



**इंदौर। एजेंसी**

मध्य प्रदेश की सड़कों पर अब 12 साल से ज्यादा पुरानी स्कूल बसें नहीं दौड़ सकेंगी। मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय की इंदौर खंडपीठ ने प्रदेश में स्कूल बसों के हादसों को गंभीरता से लेते हुए गाइडलाइन जारी की है। बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए कोर्ट ने सरकार को निर्देश दिए कि मध्य प्रदेश मोटर व्हीकल एक्ट-1994 में स्कूल बस रजिस्ट्रेशन, संचालन व प्रबंधन के लिए नियमों का प्रावधान किया जाए। आरटीओ, डीएसपी-सीएसपी ट्रैफिक इन गाइडलाइन का सख्ती से पालन करवाएं। कोर्ट ने स्पष्ट कहा है कि 12 साल पुरानी स्कूल बसें नहीं चलाई जा सकेंगी। बसों में स्पीड गर्वनर, जीपीएस और सीसीटीवी कैमरा अनिवार्य रूप से लगवाएं। ताकि पालक मोबाइल एप से ट्रैक कर सकें। उच्च न्यायालय में सात वर्ष पहले हुए दिल्ली पब्लिक स्कूल बस हादसे को लेकर चल रही अलग-अलग जनहित याचिकाओं पर एक साथ सुनवाई करते हुए बुधवार देर शाम जस्टिस विवेक रुसिया और जस्टिस बिनोद कुमार द्विवेदी की युगलपीठ ने यह फैसला सुनाया है और गुरुवार को मीडिया को जारी हुआ है। कोर्ट ने अपने फैसले में कहा है कि मोटर व्हीकल एक्ट में भी स्कूल बसों के लिए अलग से कोई गाइडलाइन नहीं है। ऐसे में जरूरी है कि जब तक मोटर व्हीकल एक्ट में संशोधन कर स्कूल बसों के लिए अलग से प्रावधान नहीं जोड़े जाते, तब तक कोर्ट खुद ही गाइडलाइन बना दे। इसमें 22 बिंदुओं को शामिल किया है। कोर्ट ने कलेक्टर और पुलिस अधीक्षकों को गाइडलाइन का पालन करवाने की जिम्मेदारी सौंपी है।

**मुआवजे का मुद्दा जनहित याचिका में नहीं उठाया जा सकता**

इसके साथ ही बस दुर्घटना में मरने वालों और घायलों को उचित मुआवजा दिए जाने का मुद्दा भी जनहित याचिका में उठाया गया था। साथ ही प्रबंधन के खिलाफ कार्रवाई की भी मांग की गई थी, लेकिन इस पर हाईकोर्ट ने कहा कि मुआवजे का मुद्दा जनहित याचिका में नहीं उठाया जा सकता। इसलिए इस पर विचार नहीं किया जाएगा। जहां तक प्रबंधन के खिलाफ कार्रवाई की बात है, तो उस समय पहले से ही मामला दर्ज था, इसलिए इन दो बिंदुओं पर विचार नहीं किया जा रहा है। लेकिन स्कूली बसों और ऑटो में बच्चों की सुरक्षा के लिए दिशा-निर्देश जरूर जारी किए जा रहे हैं।

**हाईकोर्ट के दिशा-निर्देश का किया जाएगा पालन**

इस संबंध में इंदौर कलेक्टर आशीष सिंह ने गुरुवार को मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि स्कूल बस के मामले में हाई कोर्ट के जो भी दिशा-निर्देश हैं, उनका पालन किया जाएगा।

**कोर्ट की गाइडलाइन**

स्कूल बस को पीले रंग से रंगा जाएगा और वाहन के आगे और पीछे स्कूल बस या आन स्कूल ड्यूटी लिखवाना होगा। स्कूल बस के बाहर दोनों तरफ स्कूल के वाहन प्रभारी का नाम, पता एवं टेलीफोन, मोबाइल नंबर लिखा होगा। स्कूल बसों की खिड़कियों पर शीशों पर रंगीन फिल्म नहीं लगेगी। प्रत्येक स्कूल बस में फर्स्ट एड बाक्स और अग्निशमन यंत्र होगा। प्रत्येक स्कूल बस में आपात स्थिति से निपटने में प्रशिक्षित एक परिचारक होगा। ड्राइवर के पास स्थायी ड्राइविंग लाइसेंस और पांच वर्ष का अनुभव होना चाहिए। ऐसे ड्राइवर जिन्होंने एक वर्ष में दो से ज्यादा बार सिग्नल जंप किया है, वे स्कूल बस नहीं चला सकेंगे। जिस व्यक्ति का तेज गति से या शराब पीकर गाड़ी चलाने का एक बार भी चालान बना है वह भी स्कूल बस नहीं चला सकेगा। स्कूल प्रबंधन इस संबंध में ड्राइवर से शपथ पत्र लेगा। प्रत्येक स्कूल बस में सीट के नीचे स्कूल बैग रखने की जगह होगी। प्रत्येक बस में स्पीड गवर्नर लगा होगा। स्कूल बस में दाहिनी ओर एक आपातकालीन दरवाजा और गुणवत्ता वाला लाकिंग सिस्टम होगा। प्रेशर हार्न नहीं लगाया जाएगा। रात में स्कूल बसों के अंदर नीले बल्ब लगाना होंगे। कोई भी स्कूल बस 12 वर्ष से अधिक पुरानी नहीं होगी। छात्रों को लाने-ले जाने में लगे आटो में चालक सहित चार से अधिक व्यक्ति नहीं बैठ सकते हैं।

**अभिभावक मोबाइल एप पर देख सकेंगे बस की स्थिति**

जस्टिस विवेक रुसिया और जस्टिस विनोद कुमार द्विवेदी ने गाइडलाइन के साथ ही आदेश दिए हैं कि हर सरकारी स्कूल में प्रिंसिपल और निजी स्कूल, शैक्षणिक संस्थान में ऑनर, प्रिंसिपल व अन्य जिम्मेदार व्यक्ति हर बस के लिए एक व्हीकल इंचार्ज नियुक्त करेगा। जो बस के परमिट, लाइसेंस, फिटनेस ड्राइवर के क्रिमिनल रिकॉर्ड व अन्य बातों पर नजर रखेगा। कोई भी घटना होने पर उन्हें ही सीधे जिम्मेदार माना जाएग। हाईकोर्ट ने यह भी आदेश दिए हैं कि हर बस में सीसीटीवी और जीपीएस भी होना चाहिए। इससे अभिभावक मोबाइल एप पर हर बस की स्थिति देख सकें। बस में मेल, फीमेल टीचर भी होना चाहिए, जो बच्चों के बस में आने-जाने को देखेगा। ड्राइवर का लगातार मेडिकल चैकअप भी किया जाएगा।

## पाकिस्तान में छात्र संघ चुनाव पर प्रतिबंध को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती



**इस्लामाबाद। एजेंसी**

पाकिस्तान में छात्र संघ चुनाव पर लगे प्रतिबंध को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई है। सुप्रीम कोर्ट की छह जजों की संवैधानिक पीठ ने दशकों पुराने प्रतिबंध को चुनौती देने वाली दो याचिकाओं को सुनवाई के लिए स्वीकार कर लिया। पीठ ने कानून मंत्रालय, उच्च शिक्षा आयोग (एचईसी) और प्रांतीय सरकारों को नोटिस जारी कर उन्हें अगली सुनवाई में अपने जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। डॉन समाचार पत्र के अनुसार, बैरिस्टर जफरुल्लाह खान और बैरिस्टर उमर इजाज गिलानी के माध्यम से आईजेटी ने दोनों याचिका दायर की हैं। इनमें एक याचिका एलयूएमएस के छात्र नेता हमजा ख्वाजा की है। याचिकाओं में कैंपस हिंसा पर अंकुश लगाने के बहाने छात्र राजनीति पर प्रतिबंध लगाने वाले 1993 के फैसले पर फिर से विचार करने का आग्रह किया गया। याचिकाओं में दावा किया कि छात्र राजनीति पर प्रतिबंध अनुच्छेद 17 के जरिए गारंटीकृत संघ बनाने के संवैधानिक अधिकार का उल्लंघन है। तर्क दिया गया है कि 1993 के फैसले के बाद से संवैधानिक संशोधनों ने मतदान की आयु 21 से घटाकर 18 वर्ष कर दी है। एक छात्र, जो कानूनी रूप से वोट देने का हकदार है, को संघ बनाने या राजनीतिक संघ के अन्य रूपों में हिस्सा लेने से कैसे रोका जा सकता है। यह भी कहा गया है कि कैंपस राजनीति लोकतांत्रिक मूल्यों के पोषण और भविष्य के नेतृत्व को विकसित करने का माध्यम है।

## रचा इतिहास : एक बिटकॉइन की कीमत बढ़ कर 100,000 डॉलर के पार



**वॉशिंगटन । एजेंसी**

संयुक्त राज्य अमेरिका में बुधवार को एक बिटकॉइन की कीमत बढ़कर 100,000 डॉलर से अधिक हो गई। पहली बार बिटकॉइन की कीमत इस स्तर पर पहुंची है। अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप की राष्ट्रपति पद पर जीत के बाद इसकी कीमत में लगातार उछाल आ रहा है। क्रिप्टो उत्साही लोगों ने उन्हें पहला 'बिटकॉइन राष्ट्रपति' करार दिया है। अमेरिका के समाचार पत्र द न्यूयॉर्क टाइम्स की खबर के अनुसार, ट्रंप ने राष्ट्रपति चुनाव अभियान के दौरान खुद को एक बिटकॉइन उत्साही के रूप में प्रचारित किया। उन्होंने अमेरिका को प्लेनेट की क्रिप्टो कैपिटल के रूप में स्थापित करने और एक राष्ट्रीय बिटकॉइन रिजर्व बनाने की बात कही थी। निवेशकों को उम्मीद है कि ट्रंप के राष्ट्रपति बनने के बाद परिदृश्य और बदलेगा। इस साल बिटकॉइन की कीमत में 100 फीसदी तेजी आई है। ट्रंप के जीतने के बाद से चार सप्ताह में इसकी कीमत 45 फीसदी बढ़ी है। इसके साथ ही बिटकॉइन का मार्केट कैप पहली बार 2 ट्रिलियन डॉलर के पार पहुंच गई है। यह मास्टरकार्ड, वॉलमार्ट और जेपी मॉर्गन चेज के संयुक्त मूल्य से अधिक है।

वर्ष 2008 में एक अज्ञात कोडर के बिटकॉइन बनाए जाने पर इसे अपनाने वाले हैकरों और राजनीतिक कट्टरपंथियों के विविध समूह कई बार करोड़पति बन चुके हैं। इसने सार्वजनिक रूप से कारोबार करने वाली कॉइनबेस, क्रिप्टोकरेंसी एक्सचेंज जैसी कंपनियों को उद्योग का दर्जा प्रदान किया है। क्रिप्टो करेंसी के इतिहास के बारे में 2019 में किताब लिखने वाले फिन ब्रंटन का कहना है कि बिटकॉइन की यह प्रभावशाली उपलब्धि है। प्रभावशाली अमेरिकी क्रिप्टो कंपनी सर्कल के मुख्य कार्यकारी जेरेमी अल्लायर ने कहा, ₹इस समय उद्योग में भारी उत्साह है।

बिटकॉइन में अत्यधिक अस्थिरता का खतरा बना हुआ है। जब वैश्विक अर्थव्यवस्था संघर्ष करती है तो इसकी कीमत कभी-कभी गिर जाती है। क्रिप्टो फॉरेंसिक फर्म चैनालिसिस के अनुसार, हालांकि कुछ अवैध गतिविधियों में कमी आई है। साइबर अपराधियों ने साल के पहले छह महीनों में लगभग 500 मिलियन डॉलर की फिरौती भुगतान की सुविधा के लिए डिजिटल मुद्रा का उपयोग किया।

### फ्रांस की मिशेल बार्नियर सरकार विश्वास मत में हारी

**पेरिस।** फ्रांस के प्रधानमंत्री मिशेल बार्नियर की सरकार नेशनल असेंबली में विश्वास मत में हार गई। इससे देश में राजनीतिक संकट गहरा गया है। छह दशक के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ। फ्रांस के समाचार पत्र 'ली मॉन्डे' की खबर में कहा गया है कि सांसदों ने सरकार को गिरा दिया। अब क्या होता है? यह देखना दिलचस्प होगा।अमेरिकी समाचार पत्र द न्यूयॉर्क टाइम्स ने अपनी खबर में कहा कि इस घटनाक्रम से फ्रांस राजनीतिक उथल-पुथल के चक्र में फंस गया। सांसदों ने प्रधानमंत्री मिशेल बार्नियर और उनके मंत्रिमंडल के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पारित कर दिया। संसद के 577 वाले निचले सदन (नेशनल असेंबली) के 331 सदस्यों ने बार्नियर की मध्यमार्गी अल्पसंख्यक सरकार को हटाने के लिए मतदान किया। इसी के साथ बार्नियर की तीन महीने पुरानी सरकार फ्रांस के पांचवें गणराज्य के इतिहास में सबसे कम कार्यकाल वाली सरकार बन गई। अब बार्नियर के जल्द ही इस्तीफा देने की उम्मीद है।

### जमीन बेचने के नाम पर हड़पे 42 लाख रुपये, केस दर्ज

**मुरादाबाद।** मुरादाबाद जिले के थाना मझोला निवासी व्यक्ति ने थाना पुलिस को दी तहरीर में बताया कि थाना भोजपुर क्षेत्र निवासी आरोपित ने अपनी जमीन बेचने के नाम पर 42 लाख रुपये जालसाजी से हड़प लिये और बैनामा नहीं किया। शिकायतकर्ता का कहना है कि रजिस्ट्री न कराने पर जब उसने अपनी रकम वापस मांगी तो आरोपित ने उन्हें जान से मारने की धमकी दी। मामले में थाना पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपित के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिस अधीक्षक देहात कुंवर आकाश सिंह ने बताया कि मामले में तहरीर के आधार पर आरोपित रामकिशोर के खिलाफ गुरुवार को केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। मझोला थाना के खुशहालपुर निवासी विजय बहादुर ने बताया कि उन्होंने भोजपुर थाना क्षेत्र के बीजना गांव स्थित एक जमीन का सौदा भूप सिंह, उसके भाई वीर सिंह और रामकिशोर से तय किया था। सौदा तय होने के बाद तीनों ने विजय बहादुर से दस लाख रुपये एडवांस में ले लिए थे।

## चौथे स्तंभ पर हमला दुर्भाग्यपूर्ण, कांग्रेस अध्यक्ष त्याग पत्र दें : महेंद्र



**देहरादून। एजेंसी**

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने उत्तराखंड में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष और कांग्रेसजनों द्वारा मीडिया पर किए गए हमले की निंदा की है। महेंद्र भट्ट ने स्पष्ट कहा है कि चौथे स्तंभ पर हमला दुर्भाग्यपूर्ण है। इस संदर्भ में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष को त्याग पत्र देना चाहिए। महेंद्र भट्ट ने कहा कि यह कांग्रेस का चरित्र है। केदारनाथ हार के बाद कांग्रेस पूरी तरह बौखला गई है। इसका प्रमाण मीडिया पर किया गया हमला है। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार से इस हमले को उचित नहीं ठहराया जा सकता। इसी संदर्भ में उत्तरांचल प्रेस क्लब की कार्यवाहक महामंत्री मीना नेगी ने प्रदेश कांग्रेस प्रभारी कुमारी शैलजा को पत्र लिखकर प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा के नेतृत्व में पत्रकारों के साथ अभद्रता, मारपीट और महिला पत्रकारों से अमर्यादित व्यवहार की शिकायत की है। उन्होंने लिखा कि गत चार दिसंबर को पुलिस लाइन स्टेडियम रेसकोर्स में उत्तरांचल प्रेस क्लब के क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल चल रहा था। पुलिस द्वारा किसी विषय को लेकर कांग्रेस कार्यकताओं को पुलिस लाइन लाया गया। पुलिस लाइन आए कांग्रेसजनों ने करन माहरा के नेतृत्व में नारेबाजी करते हुए स्टेडियम में घुसकर टूर्नामेंट में व्यवधान डाला तथा रोके जाने पर करन मोहरा व कांग्रेसजनों ने मीडिया से धक्का-मुक्की की। महिला पत्रकारों के साथ भी इसी तरह का व्यवहार किया गया।

## बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार के खिलाफ भीलवाड़ा में आक्रोश रैली



**भीलवाड़ा। एजेंसी**

बांग्लादेश में हिंदू समुदाय पर हो रहे अत्याचारों और हिंसक हमलों के विरोध में गुरुवार को भीलवाड़ा के बाजार आधे दिन तक बंद रहे। सर्व हिंदू समाज द्वारा आयोजित आक्रोश रैली में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। इस दौरान पुलिस की ओर से पुख्ता प्रबंध किये गये। रैली का आरंभ शहीद चौराहे से हुआ और यह जिला कलेक्टर कार्यालय तक पहुंची। वहां ज्ञापन सौंपकर बांग्लादेश सरकार के खिलाफ कड़ा विरोध दर्ज कराया गया।

बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ हो रहे हिंसात्मक हमलों, धार्मिक स्थलों को तोड़ने, बहन-बेटियों के साथ रेप की घटनाओं, और निर्दोष हिंदुओं की गिरफ्तारी ने भीलवाड़ा के हिंदू समाज को गहरे आक्रोश में ला दिया है। इसके विरोध में सर्व हिंदू समाज ने एकजुट होकर यह रैली निकाली। सांगानेरी गेट से शुरू हुई इस रैली में हजारों की संख्या में लोग टू-व्हीलर्स पर सवार होकर शामिल हुए।

रैली शहीद स्मारक से आरंभ होकर बड़ा मंदिर सरार्फा बाजार, भीमगंज थाना, सूचना केंद्र, बजरंगी चैराहा, गोलप्याऊ चैराहा, रेलवे स्टेशन चैराहा, और मशीनरी मार्केट होते हुए जिला कलेक्टर कार्यालय पहुंची। रैली के मार्ग में लोगों का जोश और आक्रोश साफ झलक रहा था। इस रैली का नेतृत्व महंत बनवारी शरण काठिया बाबा, विधायक अशोक कोठारी, भाजपा जिला अध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा, नगर निगम महापौर राकेश पाठक, आरएसएस के विभाग संघ चालक चांदमल सोमानी, और प्रांत कार्यवाहक शंकर माली सहित हिंदू संगठनों के पदाधिकारियों ने किया। सभी ने शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित कर रैली का शुभारंभ किया। इस विरोध प्रदर्शन के दौरान आवश्यक सेवाओं को छोड़कर भीलवाड़ा के सभी बाजार बंद रहे।

**अभियान** नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2018 में देश को टी.बी. (क्षय रोग) से मुक्त कराने का लिया था संकल्प

# कोई भी व्यक्ति टी.बी. की जांच से वंचित नहीं रहेगा: डॉ. मोहन



**भोपाल। एजेंसी**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरुवार को कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2018 में देश को टी.बी. (क्षय रोग) से मुक्त कराने का संकल्प लिया था। लोगों की जिंदगी बचाने के प्रधानमंत्री मोदी के इस अभियान में सहभागिता कर हम सब उनके साथ कदम से कदम मिलाकर आगे बढ़ रहे हैं। देश को टी.बी. मुक्त करने के लिए, देश के 347 जिलों में 100 दिवसीय नि-क्षय शिविर अभियान चलाया जा रहा है। इनमें मध्यप्रदेश के 23 जिले अलीराजपुर, अनूपपुर, बैतूल, छतरपुर, छिंदवाड़ा, दमोह, दतिया, डिंडोरी, जबलपुर, कटनी, खंडवा, मंडला, मंदसौर, नरसिंहपुर, नीमच, रतलाम, सीहोर, सिवनी, श्योपुर, सीधी, सिंगरौली, उज्जैन और विदिशा शामिल हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मुझे पूर्ण विश्वास है कि सभी की सक्रिय सहभागिता से कोई भी प्रभावित व्यक्ति टी.बी. की जांच और इलाज से वंचित नहीं रहेगा। टी.बी लाइलाज बीमारी नहीं है, टी.बी. का इलाज होता है, टी.बी. से डरने की जरूरत नहीं है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम सब सक्रियता के साथ इस अभियान में भागीदारी करें। हमारे आसपास कोई भी टी.बी. की बीमारी से ग्रस्त व्यक्ति हो तो उसे इस अभियान का हिस्सा अवश्य बनाएं। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में लोगों का जीवन बचाने के लिए आरंभ, इस अभियान में प्रदेश का प्रत्येक व्यक्ति एक कार्यकर्ता है। हम सब मिलकर टी.बी. से प्रभावित व्यक्तियों को इस रोग से मुक्त कराने का प्रयास करें। सबके प्रयासों से देश को टी.बी. मुक्त कर, प्रधानमंत्री मोदी के संकल्प को साकार करने में निश्चित ही सफलता मिलेगी।

8 से 10 दिसम्बर तक 16 जिलों में चलेगा पल्स पोलियो अभियान

## बच्चों को अवश्य पिलाएं दो बूंद जिन्दगी की : डॉ. मोहन

**भोपाल। एजेंसी**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि 8 से 10 दिसंबर तक प्रदेश के 16 जिलों क्रमशः भिण्ड, भोपाल, छिंदवाड़ा, दतिया, ग्वालियर, इंदौर, कटनी, खरगोन, मंदसौर, नरसिंहपुर, नीमच, निवाड़ी, सतना, श्योपुर, टीकमगढ़ और विदिशा में पल्स पोलियो अभियान चलाया जायेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गुरुवार को प्रदेश के समस्त नागरिकों से आहवान किया है कि सब मिलकर परिवारों को प्रोत्साहित करें और नवजात बच्चों से लेकर 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को पल्स पोलियों की 'दो बूंद जिन्दगी की' जरूर पिलाएं, जिससे भविष्य में पोलियों से पूर्ण मुक्ति मिल सके। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि हम सब जानते हैं कि पोलियो बच्चों में आजीवन दिव्यांगता पैदा करता है, यह बहुत कष्टप्रद बीमारी रही है। इससे बचाव का एकमात्र उपाय वैक्सीन ही है। वैक्सीन से ही बच्चे और भावी पीढ़ियां सुरक्षित रहती हैं।

## उत्तराखंड में मार्च 2025 तक बनेंगे 16 हजार किफायती आवास

**देहरादून। एजेंसी**

उत्तराखंड आवास विकास परिषद और मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण (एमडीडीए) की ओर से निर्बल आय वर्ग वाले परिवारों के लिए करीब 16 हजार किफायती घरों का निर्माण किया जा रहा है। मार्च 2025 तक यह किफायती घर तैयार कर लिया जाएगा। उत्तराखंड आवास विकास परिषद 15 आवासीय परियोजनाओं पर काम कर रहा है। उत्तराखंड आवास विकास परिषद राज्य बनने के बाद पहली बार अपनी आवासीय परियोजनाओं पर काम कर रहा है। परिषद 15 परियोजनाएं निजी निवेशकों के साथ तैयार कर रहा है, जिसमें कुल 12,856 आवास शामिल हैं। जबकि शेष पांच संबंधित विकास प्राधिकरणों की ओर से विकसित की जा रही हैं, प्राधिकरणों के जरिए कुल 3104 आवास तैयार किया जा रहे हैं।

अपर आयुक्त आवास पीसी दुम्का के मुताबिक अब तक निजी भागीदारी के साथ 1760 घर बनाते हुए लाभार्थियों को सौंपे जा चुके हैं, जबकि 14635 आवासों का आवंटन भी किया जा चुका है। शेष सभी परियोजनाओं को मार्च 2025 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। योजना के तहत निजी निवेशक छह लाख रुपये की लागत से दो कमरे, किचन और शौचालय जैसी सुविधाओं से युक्त घर तैयार करता है।

# सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की मूर्ति का अनावरण, गोगामेड़ी में नया बदलाव और संघर्ष की शुरुआत

चमकता राजस्थान

**जयपुर।** हनुमानगढ़ जिले के नोहर तहसील स्थित गोगामेड़ी गांव में 5 दिसंबर 2024 को अमर शहीद ठा. सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की प्रथम पुण्यतिथि के अवसर पर ₹गोगामेड़ी स्मृति संकल्प₹ कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस दौरान गोगामेड़ी के शहीद की अष्ट धातु से बनी आदम कद मूर्ति का अनावरण किया गया। साथ ही, प्रतिवर्ष 5 दिसंबर से 11 दिसंबर तक गोगामेड़ी स्मृति सप्ताह मनाने की घोषणा की गई। कार्यक्रम में समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों की बड़ी संख्या में सहभागिता देखने को मिली।



### कार्यक्रम में शहीद सुखदेव सिंह के योगदान पर चर्चा

कार्यक्रम की शुरुआत स्वागत सत्र से हुई, जिसमें उत्तर भारत के 16 राज्यों के प्रदेशाध्यक्ष और राष्ट्रीय पदाधिकारियों का गोगामेड़ी परिवार ने स्वागत किया। दीप प्रज्वलन के बाद गायिका विक्रांत ने शहीद सुखदेव सिंह गोगामेड़ी पर जोशीला गाना प्रस्तुत किया। इस मौके पर पूर्व कुश्ती संघ अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह और राजस्थान सरकार के मंत्री राजयवर्धन सिंह राठौड़ भी उपस्थित थे। बृजभूषण शरण सिंह ने कहा कि सुखदेव सिंह गोगामेड़ी ने समाज में एकता का संदेश दिया और संघर्ष की भावना को मजबूत किया। राजयवर्धन सिंह राठौड़ ने गोगामेड़ी परिवार की संघर्षशीलता की सराहना करते हुए भविष्य में सामाजिक मुद्दों पर सहयोग की बात की।

### सुखदेव सिंह गोगामेड़ी हत्याकांड पर न्याय की मांग

कार्यक्रम में शीला सुखदेव सिंह गोगामेड़ी ने कहा कि वे आज भी अपने पति के हत्याकांड में न्याय की उम्मीद करती हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर दिसंबर माह में एनआईए से कोई सकारात्मक परिणाम नहीं आता, तो वह अपने समर्थकों के साथ न्याय के लिए किसी भी हद तक जाने को तैयार हैं।

### करणी सेना का राजनीति में प्रवेश

श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के राष्ट्रीय महामंत्री योगेंद्र सिंह कटार ने आगामी दिल्ली विधानसभा चुनाव में करणी सेना की राजनितिक पार्टी को उतारने का ऐलान किया। उन्होंने कहा कि करणी सेना अपनी राजनीतिक जमीन तैयार करने में पूरी तरह सक्षम है।

### समाज में जागरूकता और बदलाव का संदेश

इस कार्यक्रम में स्थानीय विधायक संजीव बेनीवाल, सादुलपुर विधायक मनोज न्यांगली और राजपूत करणी सेना के अध्यक्ष महिपाल सिंह मकराना ने भी भाग लिया। अंत में कार्यक्रम के समापन पर सुखदेव सिंह गोगामेड़ी के भाई चैन सिंह ने कहा कि उन्हें ऐसा महसूस हो रहा है जैसे उनके भाई की मूर्ति के रूप में शहीद सुखदेव जी सभी को आशीर्वाद दे रहे हों। कार्यक्रम में कार्यशालाएं भी आयोजित की गईं, जिनमें समाज सुधार और युवाओं को प्रेरित करने के विषयों पर चर्चा की गई। समापन सत्र में न्याय की मांग उठाई गई, जिसमें गोगामेड़ी हत्या मामले में न्याय और शहीद की स्मृति में स्मारक बनाने की मांग की गई।

## संक्षिप्त समाचार

### विधायक चौधरी ने किया ग्रामीण क्षेत्र का दौरा, जनसुनवाई करके आमजन की समस्याओं का किया समाधान

- क्षेत्र के शोक संतप्त परिवारों की बैठकों में भी हुए शामिल



**चमकता राजस्थान। रघुनंदन पारीक श्रीनगर। अजमेर।** मदनगंज-किशनगढ़। विधायक डॉ विकास चौधरी ने ग्रामीण क्षेत्र का दौरा किया। अराई उपखंड क्षेत्र के गांवों में आमजन से जनसुनवाई की एवं मौके पर अधिकारियों से बात करके तुरंत समाधान करने के निर्देश दिये,मुख्य समस्याएं पानी और बिजली को लेकर सामने आई। जिसको लेकर विधायक ने आमजन को आश्वस्त किया । साथ ही लक्ष्मीपुरा, मनोहरपुरा,ढोस, देवरिया बोराडा, गोठियाना सहित दर्जनभर गांवो में पिछले दिनों जिन परिवारों ने अपनों को खोया उनके दुख दर्द में सम्मिलित हुए। इस दौरान उनके साथ क्षेत्र के सरपंच गण, पंचायत समिति सदस्य, सहित वरिष्ठ जनप्रतिनिधि व पार्टी कार्यकर्ता साथ रहे।

### रेलवे संगठनों की मान्यता चुनाव में 5 दिसम्बर को दो बुथों पर 546 ने मत डाले

- दोनों बुथों पर आज भी शांतिपूर्ण रहा मतदान। राजस्थान पुलिस एवं आरपीएफ रही सतर्क



**चमकता राजस्थान/फुलेरा (दामोदर कुमावत)।** रेलवे में कर्मचारी संगठनों को मान्यता प्रदान करने हेतु दूसरे दिन 5 दिसंबर को मतदान में फुलेरा रेलवे स्टेशन बूथ नंबर 10 एवं रेलवे इंस्टिट्यूट परिसर बूथ नंबर 11 पर 546 रेलवे कर्मचारियों ने शांतिपूर्ण मतदान किया। रेलवे स्टेशन बूथ नं.10 पर प्राप्त जानकारी अनुसार शेष रहे 633 मतदाताओं में से 353 ने मतदान किया, जबकि बूथ नंबर 11में चुनाव अधिकारी आर एम वार्ष्णेय ने बताया कि शेष रहे 239 मत दाताओं में से 193 ने मतदान किया । मतदान के दौरान राजस्थान पुलिस एवं रेलवे सुरक्षा बल ने सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखी। रेलवे कर्मचारी संगठनों की मान्यता के लिए अव शेष रहे मतदाताओं को फुलेरा रेलवे स्टेशन पर स्थित पोलिंग बूथ संख्या 10 पर शुक्रवार6 दिसंबर को निर्धारित समय अनुसार मतदान होगा।

### फुलेरा होमगार्ड जवानों ने स्वच्छ भारत अभियान के तहत देवयानी परिसर पर की सफाई

**चमकता राजस्थान/फुलेरा (दामोदर कुमावत)।** गृह रक्षा प्रशिक्षण उपकेंद्र फुलेरा के 'होमगार्ड'जवानों ने गुरुवार को प्रसिद्ध धार्मिक स्थली देवयानी सरोवर परिसर की सफाई की। गृह रक्षा




प्रशिक्षण केंद्र जयपुर की कमांडेंट सुमन ढाका के नेतृत्व में 'स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत' अभियान के दौरान गृह रक्षा प्रशिक्षण उपकेंद्र फुलेरा होमगार्ड के 50 जवानों ने सांभर लेक स्थित प्रसिद्ध धार्मिक स्थल देवताओं की नानी देवयानी सरोवर के चारों ओर सफाई की गई। देवयानी सरोवर की सफाई के दौरान सभी प्रमुख घाटों एवं चबूतरों आदि पर फेली गंदगी, कटीली झाड़ियां, सरोवर में हुए कचरे, सीढ्डीयों में मंदिरों के बाहर की जगह पर सफाई करते हुए एकत्रित कचरे को हटाया गया। स्वच्छता कार्यक्रम के दौरान वहां उपस्थित लोगों ने होमगार्ड सदस्यों के सफाई कार्य की सराहना करते हुए धन्यवाद दिया।

### रोटरी क्लब जयपुर कोहिनूर ने शुरू किया नि:शुल्क जूता वितरण कार्यक्रम




**चमकता राजस्थान। जयपुर।** रोटरी क्लब जयपुर कोहिनूर ने स्कूलों में ग़रीब बच्चों को निःशुल्क जूते पहनाकर जूता वितरण का कार्य शुरू किया जो कि जनवरी माह तक विभिन्न स्कूलों में वितरित किए जाएंगे ,इस अवसर पर क्लब के सीनियर रोटेरियन डॉक्टर वी एस शेखावत,डॉक्टर वी के जैन,सहायक प्रांत पाल राम केश मीणा ,सी ए धर्मेन्द्र शेखर, रोटेरियन ब्रजेश सिंह,रोटेरियन भुवनेश्वरी मीना ,व क्लब अध्यक्ष सुनील द्विवेदी उपस्थित थे।

## विमुक्त, घुमन्तु एवं अर्द्धघुमन्तु समुदाय के लिए सहायता शिविर राजीव गांधी सेवा केंद्र, मसूरा में आयोजित होगा

चमकता राजस्थान

**धौलपुर रामदास तरुण।** एसडीएम हेमंत कुमार घनघोर और विकास अधिकारी राम बोल सिंह गुर्जर ने बताया कि जिला कलक्टर के निर्देशानुसार जिले में विमुक्त, घुमन्तु एवं अर्द्धघुमन्तु समुदाय के विकास हेतु आवश्यक दस्तावेज जारी करने के लिए सहायता शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। जन अधिकार मंच, बाड़ी द्वारा सडपुरा के सपेरा समुदाय के बीच बैठक आयोजित कर शिविर के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। उन्होंने समुदाय के लोगों से अपील की कि वे समय पर शिविर में पहुंचकर अपने आवश्यक दस्तावेज बनवाएं, ताकि वे सरकार की योजनाओं का लाभ उठा सकें। यह शिविर 6 दिसम्बर 2024 को राजीव गांधी सेवा केन्द्र, मसूरा, बाड़ी में सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित किया जाएगा। शिविर में विमुक्त,




घुमन्तु एवं अर्द्धघुमन्तु समुदाय के लोगों के लिए निम्नलिखित दस्तावेज बनवाए जाएंगेः वोटर आईडी, आधार कार्ड, जनाधार कार्ड, राशन कार्ड, जाति प्रमाण-पत्र, घुमन्तु पहचान प्रमाण- पत्र, मूल निवास प्रमाण-पत्र। साथ ही, विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ भी प्रदान किया जाएगा, जैसे आवासहीन व्यक्तियों को निःशुल्क भूमि आवंटन, प्रधानमंत्री आवास योजना, पालनहार योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना और निःशुल्क दवाई वितरण किट। कार्यक्रम में रामदास तरुण, राकेश कुमार, बचनसिंह सपेरा, मंगल सिंह सपेरा, अतर सिंह सपेरा, हिम्मत सपेरा, शुकंदर नाथ, नारायण सिंह सपेरा और अन्य महिला/पुरुष उपस्थित रहे।

यह शिविर क्षेत्र के समस्त विमुक्त, घुमन्तु एवं अर्द्धघुमन्तु समुदाय के व्यक्तियों के लिए महत्वपूर्ण अवसर साबित होगा, जहां वे जरूरी दस्तावेज बनवाकर सरकारी योजनाओं का लाभ उठा सकते हैं।

### बनेवडा संघर्ष समिति के सदस्य का लिखित आश्वासन के बाद धरना समाप्त



**चमकता राजस्थान। रघुनंदन पारीक श्रीनगर। अजमेर/नसीराबाद।** श्रीनगर ग्राम पंचायत बाघसुरी के राजस्व गांव बनेवडा में बनेवड़ा संघर्ष समिति के सदस्य जितेंद्र सिंह राठौर के गुरुवार 5 दिसंबर को छत अपने प्रस्तावित धरने के अनुसार ग्राम पंचायत मुख्यालय के बाहर धरने के 2 घंटे बाद बैठने के बाद ग्राम पंचायत सरपंच रेशमी देवी के लिखित आश्वासन के बाद धरना समाप्त किया। बनेवडा की मुख्य समस्याओं में से पटवार घर व आंगनबाड़ी मरम्मत, रावत व गुर्जर श्मशान मे ब्लॉक मरम्मत कार्य,रावत मोहल्ले में नाली निर्माण, चबूतरा रोड की मरम्मत एवं विभिन्न समस्याओं को सरपंच द्वारा लिखित आश्वासन देकर काम करने की बात कहने पर पर धरना समाप्त किया ।बनेवड़ा संघर्ष समिति के सदस्य जितेंद्र सिंह राठौड़ ने अपने 5 दिसंबर को प्रस्तावित धरने पर बैठने के दौरान सरपंच द्वारा लिखित राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में स्थित आंगनबाड़ी का कार्य 10 दिन में शुरू करने की बात कही है। चबूतरा रोड पर हो रहे गडडो को जेसीबी चला कर दुरुस्त कर दिया जाएगा। बाकी कामों को भी जल्द करवाने का आश्वासन दिया ।गत 4 वर्षों से प्रयास कर रहे बनेवडा संघर्ष समिति के सदस्य जितेंद्र सिंह को लिखित में आश्वासन देने के बाद अपना धरना समाप्त कर दिया। साथ ही यह घोषणा भी कि अगर लिखित मैं दिए गए कम पर जल्द कार्रवाई नहीं होती है तो जयपुर पहुंचकर मुख्यमंत्री को प्रार्थना पत्र दिया जाएगा।

## "पीएम किसान योजना" से देश के 9 करोड़ 58 लाख किसानों के खाते में हस्तांतरित किए 20657.36 करोड़ रूपए: मदन राठौड़

### राज्यसभा सांसद मदन राठौड़ द्वारा "पीएम किसान योजना" को लेकर लगाए सवाल का कृषि राज्य मंत्री रामनाथ ठाकुर ने दिया जवाब

चमकता राजस्थान

जयपुर। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी किसानों की आय दोगुनी करने के साथ उनके कल्याण और उत्थान के लिए कृत संकल्पबद्ध है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किसानों को वित्तीय सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से फरवरी 2019 में ''प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना'' का शुभारंभ किया और प्रत्यक्ष लाभ अंतरण मोड के माध्यम से किसानों के खातों में सालाना 6 हजार रूपए देने की घोषणा की। पीएम किसान योजना से जहां 2019 में पहली किस्त के तौर पर देश के 3 करोड 16 लाख से अधिक किसानों को 6323 करोड़ रूपए की वित्तीय सहायता राशि प्रदान की गई, वहीं 18वीं किस्त के तौर पर देश के 9 करोड़ 58 लाख 97 हजार से अधिक किसानों को इस योजना से लाभान्वित किया गया। राज्यसभा सांसद मदन राठौड़ के सवाल के जवाब में कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री रामनाथ ठाकुर ने यह जानकारी दी है।

राज्यसभा सांसद मदन राठौड़ ने बताया कि राजस्थान के परिप्रेक्ष्य में देखा जाए तो पहली किस्त 64 हजार किसानों को दी गई थी, जबकि 18वीं किस्त में लाभान्वित किसानों की संख्या 70 लाख से अधिक पहुंच गई। 2019 में 64



हजार 993 किसानों को 12.99 करोड़ रूपए पीएम किसान सम्मान निधि के तौर पर सीधे खातों में दिए गए। जबकि 18वीं किस्त के तौर पर राजस्थान के 70 लाख 31 हजार 163 किसानों को इस योजना में शामिल करते हुए 1544.86 करोड़ रूपए खाते में भेजे गए। इस योजना का मुख्य उद्देश्य सभी भूमि धारक किसानों के परिवारों की वित्तीय आवश्यकताओं को पूरा करना है, ताकि उचित फसल स्वास्थ्य और उचित उपज सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न आवश्यक सामग्री खरीदी जा सकें। इस योजना के तहत सालाना 6000/- की राशि तीन किस्तों में दी जाती है।

राज्यसभा सांसद मदन राठौड़ ने बताया कि किसानों के मित्र प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पीएम किसान योजना के लिए मजबूत शिकायत निवारण तंत्र तक बनाया है। किसानों की शिकायतों का निस्तारण भी प्राथमिकता से किया जाता है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में अब तक पीएम किसान पोर्टल पर कुल 10859 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 10613 शिकायतों का समाधान तक कर दिया गया। मोदी सरकार ने किसानों की सहायता के लिए पीएम किसान पोर्टल के साथ किसान केंद्रीकृत लोक शिकायत निवारण एवं निगरानी प्रणाली भी चालू की है, इसमें भी इस वित्तीय वर्ष में अब तक 63464 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से 62912 शिकायतों को समाधान किया जा चुका है। ऐसे में किसानों की सभी समस्याओं को प्राथमिकता से समाधान किया जाता है।

## संक्षिप्त समाचार

### भरतपुर की पूर्व सांसद रंजीता कोली को दिल्ली विधानसभा चुनाव में फिर मिली जिम्मेदारी

- दिल्ली भाजपा प्रदेश कार्यालय में केंद्रीय नेतृत्व द्वारा दी गई जिम्मेदारी



**चमकता राजस्थान। भरतपुर (राजवीर सिंह)।** भरतपुर की बेटी एवं भरतपुर की पूर्व सांसद रंजीता कोली को जनवरी 2025 में होने वाले दिल्ली के विधानसभा चुनाव में केंद्रीय नेतृत्व द्वारा अहम जिम्मेदारी दी गई है। पूर्व सांसद रंजीता कोली को सीमापुरी विधानसभा सहित अन्य तीन विधानसभाओं का प्रभारी नियुक्त किया है। यह जिम्मेदारी उनको केंद्रीय नेतृत्व द्वारा दी गई है। जिसमें राष्ट्रीय संगठन महासचिव बीएल संतोष और केंद्रीय नेतृत्व ने भरोसा जताते हुए यह जिम्मेदारी दी है। इससे पहले झारखंड चुनाव में पूर्व सांसद रंजीता कोली को दी गई जिम्मेदारी के दौरान परिणामो को देखते हुए, दिल्ली में उन्हें अहम चार विधानसभाओं का प्रभारी नियुक्त किया है। सांसद रंजीता कोली ने बताया कि उनके लिए केंद्रीय नेतृत्व द्वारा दी गई जिम्मेदारी को उनके द्वारा बखूबी निभाया जाएगा और बेहतर परिणाम केंद्रीय नेतृत्व के सामने होंगे। आपको बता देंगे इससे पहले रंजीता कोली को हरियाणा में भी प्रभारी नियुक्त किया गया था। केंद्रीय नेतृत्व द्वारा उनके बेहतरीन कार्य को देखते हुए उन्हें जिम्मेदारियां दी जा रही है। केंद्रीय नेतृत्व ने कहा है कि दिल्ली चुनाव तक यही डट के रहकर मेहनत करनी है। दिल्ली प्रदेश भाजपा कार्यालय में उन्हें दी गई है यह बड़ी जिम्मेदारी।

### सचिन पायलट ने किया टोंक में निर्माण कार्यो का निरीक्षण



**चमकता राजस्थान। टोंक।** विधायक सचिन पायलट गुरुवार को अपने टोंक दोरे के दूसरे दिन टोंक विधानसभा में सोनवा में निर्माणाधीन ×फूड पार्क और बनास नदी पर निर्माणाधीन 135 करोड़ की लागत से बन रहे हाई लेवल ब्रिज का निरीक्षण किया.,इस दौरान पायलट ने गहलोद घाट पर बन रहे पूल के निर्माण कार्य मे लगातार हो रही देरी को लेकर नाराजगी जताई व अधिकारियों से बात भी की। दो दिवसीय दौरे पर टोंक में मौजूद रहे विधायक और कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव सचिन पायलट ने कहा कि बांग्लादेश में लोगों को टारगेट करके मारा जा रहा है,जानबूझकर हमले किए जा रहे हैं,इसे कोई भी स्वीकार नहीं कर सकता.हिंदुओं पर हमले हो रहे हैं,भारत सरकार को यह मुद्दा उठाना चाहिए!किसी देश के आंतरिक मामले में हम हस्तक्षेप नहीं करना चाहते और ना ही हम चाहते कि कोई हमारे मामले में कोई हस्तक्षेप करे, लेकिन पड़ोस में हो रही इस तरह की घटनाओं से बड़ा दुख होता है।

खिलाड़ियों को बढ़ावा देने के लिए पायलट ने पिछले कार्यकाल में ''इंडोर स्टेडियम'' के निर्माण कार्य, जिसकी कुल स्वीकृत राशि 7 करोड़ रुपए है, शुरू करवाया था।

साथ ही, विधायक कोष से 1 करोड़ रुपए की लागत से रनिंग ट्रैक का भी निर्माण कार्य शुरू किया गया था।

उन्होंने आज दोनों कार्यों के निर्माण की प्रगति का निरीक्षण कर कहा मुझे खुशी है कि बहुत जल्द इस निर्माण कार्य के पूर्ण होते ही जिले का पहला इंडोर स्टेडियम और रनिंग ट्रैक शीघ्र जनता को समर्पित किया जाएगा।

# जयपुर स्मार्ट सिटी की 24वीं बोर्ड बैठक आयोजित

## स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के विकास कार्यों को मिशन अवधि में पूर्ण करने के निर्देश

चमकता राजस्थान



**जयपुर (खलील कुरैशी)** । जयपुर स्मार्ट सिटी की 24वीं बोर्ड बैठक गुरुवार को डीएलबी मुख्यालय पर आयोजित की गई। बोर्ड बैठक के संबंध में जयपुर स्मार्ट सिटी सीईओ अरुण कुमार हसीजा ने बताया कि स्वायत्त शासन विभाग के प्रमुख शासन सचिव राजेश कुमार यादव की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में हेरिटेज निगम महापौर कुसुम यादव, जिला कलेक्टर जितेंद्र कुमार सोनी, ग्रेटर निगम आयुक्त रुक्मणि रियाड सहित स्मार्ट सिटी के अधिकारी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी भी उपस्थित रहे। इस दौरान प्रमुख शासन सचिव राजेश यादव ने स्मार्ट सिटी द्वारा शेष रहे प्रगतिरत कार्यों को मिशन अवधि में पूर्ण करने के निर्देश दिए। वहीं चौगान स्टेडियम स्थित स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का निर्माण कार्य पूर्ण होने पर संबंधित विभाग राजस्थान स्टेट स्पोर्ट्स काउंसिल को हस्तांतरित करने के निर्देश भी दिए। बैठक में शेष रहे वित्तीय अनुदान के संबंध में दोनों नगर निगम को मैचिंग शेयर जल्द उपलब्ध कराने के लिए निर्देश दिए गए। साथ ही स्मार्ट सिटी के अन्य प्रगतिरत प्रोजेक्ट में आ रही रुकावट के संबंध में विभिन्न विभागों के साथ समन्वय कर दूर करने के भी निर्देश दिए। कुसुम यादव जल्द करेगी स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट का दौराप्रमुख शासन सचिव राजेश कुमार यादव ने जयपुर स्मार्ट सिटी के अधिकारियों से वाइस चेयरमैन कुसुम यादव के साथ प्रगतिरत प्रोजेक्ट के निरीक्षण करने के भी निर्देश दिए। साथ ही सिटीज 2.0 परियोजना के तहत ठोस कचरा प्रबन्धन के लिए उपयोगिता के आधार प्लांट लगाने के साथ विभिन्न प्रोजेक्ट्स घटको का चयन करने के लिए निर्देश दिए गए। वहीं जयपुर में साइकिल स्टैंड को चलाने के लिए विज्ञापन के अधिकारों के साथ पुनः निविदा आमंत्रित करने के भी निर्देश दिए।

# गुलाबी नगरी में होगा सत साहित्य फेस्टिवल

## 17-18 जनवरी को "The ढूंढाड talks" जयपुर मे

चमकता राजस्थान




**जयपुर 5 दिसंबर।** राजस्थान की राजधानी जयपुर में 17 जनवरी से 'The ढूंढाड talks' का आयोजन होगा। दो दिन तक चलने वाले इस 'The ढूंढाड talks' में देश की बड़ी हस्तियां शामिल होगीं।

'The ढूंढाड talks' 17 से 18 जनवरी को सीतापुरा स्थित पूर्णिमा कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग में होगा। इस भव्य आयोजन मे देशभर से दर्जनो लेखक, वक्ता और कलाकार भाग लेंगे। उद्घाटन कार्यक्रम मे 17 जनवरी को प्रातः 9:00 बजे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय सह संपर्क प्रमुख प्रदीप जोशी मुख्य वक्ता रहेंगे। कार्यक्रम में कुल सात सेशन होगें। प्रथम सेशन में ओर्गेनाइजर संपादक प्रफुल्ल केतकर, स्प्रिंग बोर्ड के राजवीर सर और जागरण पत्रिका के सह प्रबंधक श्यामसिंह रहेगे। द्वितीय मे केरला स्टोरी के लेखक सूर्यपाल सिंह और समाज सेवी व लेखिका दीपिका नारायण भारद्वाज शामिल होंगे।उसी दिन शाम 5 बजे रेपरिया बालम अपनी शानदार प्रस्तुतियां देंगे। कार्यक्रम के दूसरे दिन 18 जनवरी को प्रातः 10:00 बजे चौथे सत्र में सर्वोच्च न्यायालय की अधिवक्ता मोनिका अरोड़ा और फैशन डिजाइनर रुमा देवी महिलाओं से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा करेंगे। दोपहर 2 बजे प्रथम सॉफ्टवेयर के उएड पुनीत मित्तल और डायरेक्टर पुर्णिमा शशिकांत सिंघी राष्ट्रहित से जुड़े हुए विभिन्न विषयों पर अपने विचार रखेंगे। कार्यक्रम के अंतिम सेशन में भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी शामिल होंगे।

प्रेसवार्ता के दौरान सांगानेर महानगर संघ चालक आशीष गुप्ता,, को-फाउण्डर राहुल सिन्घी, उद्योगपति अक्षय गुप्ता, उद्योगपति अक्षय हाड़ा, भार्गव एवं लोढा स्टॉक ब्रोकर नरेश भार्गव, जेइआरसी डाइरेक्टर अमित अग्रवाल, रूंगटा हास्पिटल डायरेक्टर रासविहारी रूंगटा, डॉ अविनाश पॅवार, महात्मा गांधी अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ .बुद्धि प्रकाश के द्वारा The ढूँढाड़ Talks के पोस्टर का विमोचन भी किया गया।


आशीष गुप्ता ने बताया कि ये कार्यक्रम विविध उद्देश्यों के साथ तय हुआ है जिसमें हम राष्ट्र निर्माण को सर्वोपरि मानते हुए उसके लिए क्या आवशयक है उस पर कार्यक्रम में मंथन होगा और कुछ विमर्श ऐसा निकलेगा जो आने वाले समय में इस राष्ट्र को पुनः गौरव पद पर स्थापित होने मे सहायक होगा।

गुप्ता ने बताया कि राष्ट्र निर्माण के लिए सबसे ज़्यादा आवशयक है, हम नागरिक अपने कर्तव्यों को समझे और अनुशासित होकर उन कर्तव्यों का निर्वहन करे। हमें अपने अधिकार तो पता है लेकिन हम हमारे कर्तव्यों को भूल जाते है। देश को देने का भाव जाग्रत करना ही कार्यक्रम का अहम उद्देशय हैं।

# योजनाओं का सफल क्रियान्वन व समस्याओं का हो प्राथमिकता से समाधान : एसडीएम

## एसडीएम ने विभागीय अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश

चमकता राजस्थान



नदबई,(राजवीर सिंह)। क्षेत्र की ग्राम पंचायत कटारा के राजीव सेवा केन्द्र पर एसडीएम गंगाधर मीणा ने जनसुनवाई दौरान ग्रामीणों की समस्या सुनते हुए विभागीय अधिकारियों को ग्रामीणों की समस्या चिन्हित करने व निर्धारित समयावधि में समस्याओं का समाधान करने के निर्देश दिए।

इससे पहले ग्राम पंचायत सरपंच मिथलेश राजू सिंह के नेतृत्व में पंचायतीराज कर्मचारियों ने विभागीय अधिकारियों का अभिनंदन करते हुए विभागीय योजनाओं की समीक्षा की। बाद में महिला सरपंच ने ग्रामीण क्षेत्र में पात्र व्यक्तियों को ही योजनाओं से लाभान्वित करते हुए सफल क्रियान्वन करने के निर्देश दिए। वही, एसडीएम गंगाधर मीणा ने जनसुनवाई करते हुए ग्रामीणों की समस्या सुनी। जिसमें ग्रामीणों ने बिजली, जल जीवन मिशन सहित सरकारी रास्ते पर अतिक्रमण सहित अन्य समस्याओं के बारे में बताया। जिस पर एसडीएम ने विभागीय अधिकारियों को प्राथमिकता से समस्या समाधान करने को कहा। वही, जनकल्याणकारी योजनाओं के सफल क्रियान्वन के लिए पहले ग्रामीणों को जागरुक करने व बाद में ग्रामीण क्षेत्र में सर्वे करते हुए पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित कर प्रदेश सरकार की योजनाओं का सफल क्रियान्वन करने की हिदायत दी। जनसुनवाई दौरान विकास अधिकारी झूथाराम जाट, ग्राम विकास अधिकारी अभिनाष जैन सहित ब्लॉकस्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

## अधिवक्ता मुकेश कुमार शर्मा का शाहपुरा बार एसोसिएशन की कार्यकारिणी में निर्विरोध सांस्कृतिक सचिव पद हुआ निर्वाचन

- विगत 11 वर्षो से निर्बाध रूप से शाहपुरा बार एडवोकेट एसोसिएशन कार्यकारिणी सदस्य के रूप में दे रहे हैं सेवाएं
- अधिवक्ता साथियों एवं समर्थकों में छायीं खूशी की लहर सम्मान किया भव्य स्वागत



**चमकता राजस्थान। मनोहरपुर। (खलील कुरैशी)** जयपुर ग्रामीण की मनोहरपुर नगरपालिका निवासी जागरूक और सक्रिय अधिवक्ता मुकेश कुमार शर्मा का शाहपुरा बार एडवोकेट एसोसिएशन कार्यकारिणी 2024-25 में सांस्कृतिक सचिव पद पर निर्विरोध निर्वाचन हुआ है जो अपने आप किसी उपलब्धि से कम नहीं है इस अवसर पर शाहपुरा बार एसोसिएशन वरिष्ठ और युवा अधिवक्ताओं ने मुकेश कुमार शर्मा का गर्मजोशी से माल्यार्पण कर साफा बंधवाकर ज़ोरदार अभिनंदन किया। गौरतलब है मनोहरपुर नगरपालिका निवासी अधिवक्ता मुकेश कुमार शर्मा शाहपुरा बार एसोसिएशन में अपनी सक्रियता और क्रियाशीलता तथा अधिवक्ता साथियों के सुख-दुख में कंधें से कंधा मिलाकर खड़े रहते हैं यही कारण है कि विगत 11 वर्षों से शाहपुरा बार एडवोकेट एसोसिएशन में किसी ने किसी पद पर सुशोभित होकर अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते आ रहे हैं उल्लेखनीय है कि शाहपुरा बार एसोसिएशन कार्यकारिणी चुनाव 2024-25 में पुस्तकालय सचिव, महासचिव संयुक्त सचिव, सांस्कृतिक सचिव और कार्यकारिणी सदस्यों का निर्विरोध निर्वाचित हुआ चुका है आगामी 13/12/2024 को केवल अध्यक्ष पद एवं कोषाध्यक्ष पद पर निर्वाचन होगा इस मौके पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए अधिवक्ता मुकेश कुमार शर्मा ने कहा कि मैं आप सभी का आभारी हूं निश्चित रूप से आप सभी ही मेरी वास्तविक ताकत हो,आपका सहयोग और विश्वास से मुझे ऊर्जा मिलती हैं मेरा हौंसला अफजाई होती हैं मुझे इतना मान सम्मान और प्यार स्वरुप आशीर्वाद दिया है

- * ये अधिवक्ता साथीगण रहें मौजूद

इस मौके पर शाहपुरा बार एडवोकेट एसोसिएशन के निवर्तमान अध्यक्ष जितेंद्र पलसानिया,मुकेश कुमार शर्मा, मुकेश व्यास, दीपेन्द्र भारद्वाज, शिव कुमार, बाबूलाल देवेंदा, कैलाश बुनकर, कमलेश सैनी, विवेक शर्मा, एडवोकेट सुनील शुक्ला, एडवोकेट रशीद सोलंकी, एडवोकेट मुराद खान,एडवोकेट इस्माइल खान, सलमान खान, हजारी मीणा, एडवोकेट उपेन्द्र आत्रेय, एडवोकेट कमल अग्रवाल, एडवोकेट राहुल मिश्रा एडवोकेट परवेज़ खान एडवोकेट अशोक व्यास सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहें।

# महिंद्रा ने उत्कृष्ट भारतीय किसानों को सम्मानित करने के लिए की मिलियनेयर फार्मर ऑफ इंडिया अवार्ड्स 2024 की शुरुआत

## इस कार्यक्रम में भारत के सबसे अमीर किसानों को सम्मानित किया गया और कृषि परिदृश्य को बदलने के लिए अत्याधुनिक तकनीक के प्रति महिंद्रा की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला गया

चमकता राजस्थान

नई दिल्ली। भारत का अग्रणी ट्रैक्टर ब्रांड महिंद्रा ट्रैक्टर्स 'मिलियनेयर फार्मर ऑफ इंडिया अवार्ड' नामक एक अभूतपूर्व पहल के माध्यम से भारत के सफल किसानों की उल्लेखनीय उपलब्धियों का जश्न मनाता है।

अपने दूसरे संस्करण में, 01 से 03 दिसंबर, 2024 तक नई दिल्ली में भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (आईएआरआई) में आयोजित इन पुरस्कारों में श्री नितिन गडकरी - माननीय केंद्रीय सड़क, परिवहन और राजमार्ग मंत्री, भारत सरकार, श्री भागीरथ चौधरी - माननीय राज्य मंत्री, कृषि और किसान कल्याण, प्रो. रमेश चंद - माननीय सदस्य, नीति आयोग, प्रो. एसपी सिंह बघेल, माननीय राज्य मंत्री, मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय और श्री पुरुषोत्तम रूपाला - पूर्व केंद्रीय मंत्री, मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी, सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों की सम्मानित उपस्थिति देखी गई। तीन दिवसीय कार्यक्रम में जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर 300 श्रेणियों में 1200 से अधिक किसानों को सम्मानित किया गया, जैसे बागवानी विशेषज्ञ, मसाला किसान, मुर्गीपालन, डेयरी आदि और इसमें भारत के कृषि उद्योग से जुड़ी प्रमुख हस्तियां शामिल थीं। कार्यक्रम में महिंद्रा ने अत्याधुनिक ट्रैक्टर और कृषि मशीनीकरण समाधानों की एक विस्तृत श्रृंखला भी प्रदर्शित की।

मिलियनेयर फार्मर ऑफ इंडिया के उद्घाटन संस्करण की तरह, महिंद्रा ट्रैक्टर्स ने पूरे वर्ष के दौरान केवीके (कृषि विज्ञान केंद्रों) में रोड शो और गतिविधियों के माध्यम से जिला स्तर पर किसानों के साथ बातचीत की।

भारत में कृषि के पेशे को मान्यता देने, प्रेरित करने और उसे उन्नत करने के प्राथमिक उद्देश्य के साथ, 'भारतीय करोड़पति किसान पुरस्कार' उन किसानों को मान्यता देता है, जिन्होंने अपने अथक प्रयासों से न केवल अपनी कृषि आय को दोगुना किया है, बल्कि सर्वोत्तम प्रथाओं और प्रौद्योगिकी के एकीकरण के माध्यम से करोड़पति का दर्जा भी हासिल किया है, जबकि पिछले कई वर्षों में अपने कृषि भूमि से उत्पादकता और लाभप्रदता के रिकॉर्ड स्तर को प्राप्त किया है। 60 वर्षों के दौरान, महिंद्रा ने 390 से अधिक ट्रैक्टर मॉडल की विविध रेंज को शामिल करते हुए अपनी पेशकशों का विस्तार किया है। इस अवधि के दौरान, महिंद्रा ट्रैक्टर्स ने भारत भर में 1200 से अधिक डीलर भागीदारों का एक मजबूत नेटवर्क भी स्थापित किया है, जिसमें ग्राहक सर्वोपरि अभिविन्यास है, जिसने ब्रांड को 40 लाख महिंद्रा ट्रैक्टर ग्राहकों के बढ़ते आधार को बिक्री, सेवा और स्पेयर्स सहायता के बेजोड़ स्तर प्रदान करने में सक्षम बनाया है।

महिंद्रा लगभग चार दशकों से भारत का नंबर 1 ट्रैक्टर ब्रांड है और मात्रा के हिसाब से दुनिया का सबसे बड़ा ट्रैक्टर निर्माता है। महिंद्रा ने 1963 में इंटरनेशनल हार्वेस्टर, इंक., यूएसए के साथ एक संयुक्त उद्यम के माध्यम से अपना पहला ट्रैक्टर रोल-आउट किया और मार्च 2019 में वैश्विक बिक्री सहित तीन मिलियन ट्रैक्टर बेचने वाला पहला भारतीय ट्रैक्टर ब्रांड बन गया। लंबे समय तक चलने वाले शक्तिशाली और ईंधन कुशल, महिंद्रा ट्रैक्टर 'मजबूत' बनाए गए हैं और भारत और 50 से अधिक वैश्विक बाजारों के लिए ऊबड़-खाबड़ और कठिन इलाकों में अपनी असाधारण निर्माण गुणवत्ता और प्रदर्शन के लिए जाने जाते हैं। महिंद्रा ट्रैक्टर भारत के लिए सबसे व्यापक ट्रैक्टर पोर्टफोलियो प्रदान करते हैं और भारत में महिंद्रा के विश्व स्तरीय आरएंडडी, उत्पाद विकास, गुणवत्ता निर्माण के आधार पर विश्व स्तरीय परीक्षण मानकों के साथ विश्व स्तरीय इंजन, पावरट्रेन और समग्र प्रौद्योगिकियों के आधार पर विकसित किए गए हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### बाबा सिद्दीकी की हत्या को लेकर खुलासा, हत्यारों की सलमान खान को मारने की थी योजना

**मुंबई/एजेंसी।** महाराष्ट्र के मुंबई में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के नेता बाबा सिद्दीकी (66) की हत्या के 2 महीने बाद एक और खुलासा हुआ है। रिपोर्ट के मुताबिक, शूटरों ने पुलिस को बताया कि सिद्दीकी की हत्या से पहले उन्होंने अभिनेता सलमान खान को मारने की योजना बनाई थी।उन्होंने पूछताछ में खुलासा किया कि सलमान उनकी हिट लिस्ट में थे, लेकिन कड़ी सुरक्षा के कारण वे उन तक नहीं पहुंच सके और सिद्दीकी की हत्या की योजना बनाई।

पूर्व विधायक और सलमान के दोस्तों में शामिल सिद्दीकी की 12 अक्टूबर को उनके बेटे जीशान के कार्यालय के सामने गोली मारकर हत्या की गई थी।हत्या करने वाले 3 लोग बाइक पर आए थे, जिनमें शिव कुमार, हरियाणा का गुरनैल सिंह और उत्तर प्रदेश का धर्मराज कशयप शामिल थे। तीनों पुलिस की गिरफ्त में हैं।पुलिस ने मामले में अब तक 20 लोगों को गिरफ्तार किया है। हत्या की जिम्मेदारी लॉरेंस बिश्नोई गिरोह ने ली है।

सलमान को सिद्दीकी की हत्या के बाद कथित तौर पर बिश्नोई गिरोह से काफी धमकियां मिल रही हैं। 14 अप्रैल को सलमान के घर के बाहर गोलीबारी भी हुई थी।गोलीबारी करने वाले 2 आरोपियों को गुजरात से गिरफ्तार किया गया था। इसके बाद जमशेदपुर और नोएडा से भी धमकी भरी कॉल आई थी।बता दें, सलमान को वाई+ श्रेणी की सुरक्षा मिली है। उनके घर के बाहर चेहरा पहचानने वाले सीसीटीवी लगे हैं और पुलिस तैनात है।

### मां-बाप और बहन की हत्या के आरोप में युवक गिरफ्तार

**नई दिल्ली/एजेंसी।** दिल्ली के नेब सराय में बुधवार को दंपति और उनकी 23 साल की बेटी की हत्या का मामला पुलिस ने कुछ ही घंटों में सुलझा लिया।पुलिस का कहना है कि तीनों की हत्या दंपति के 20 वर्षीय बेटे अर्जुन ने की है। अर्जुन ने सोते हुए माता-पिता और बहन को चाकू से मार दिया और सुबह की सैर पर निकल गया था।उसने ही सैर से वापस आकर पुलिस और अपने चाचा को हत्या की सूचना दी थी।

अर्जुन ने बुधवार सुबह पुलिस को फोन कर बताया कि उसके घर में घुसकर किसी ने उसके पिता राजेश कुमार (51), मां कोमल (46) और बहन कविता (23) की चाकू से गला रेतकर हत्या कर दी है।अर्जुन ने पुलिस को बताया कि वह सुबह 5:30 बजे सैर पर निकला था और जब वापस आया तो उसे तीनों के शव कमरों में पड़े मिले।अर्जुन पर किसी को शक न हो इसलिए उसने पड़ोसियों और चाचा को भी सूचना दी।

अर्जुन की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने सीसीटीवी फुटेज चेक की, जिसमें दंपति के घर में किसी के घुसने और बाहर आने के सबूत नहीं मिले।घर में चोरी, लूटपाट और तोड×फोड़ नहीं हुई थी और मुख्य गेट पर लगा ताला भी ठीक था। इसके बाद अर्जुन से पूछताछ हुई।अर्जुन ने दिनभर हुई पूछताछ में बयान बदले, जिससे पुलिस को शक हुआ। सख्ती से पूछताछ के बाद अर्जुन ने हत्या की बात कबूली।

अर्जुन आर्मी स्कूल से पढ़ा है और दिल्ली विश्वविद्यालय में स्नातक का छात्र है। उसने मुक्केबाज में दिल्ली का प्रतिनिधित्व कर राज्य स्तर पर रजत पदक जीता है।अर्जुन ने बताया कि उसके पिता राजेश हमेशा डांटते और पढ़ाई के लिए कहते थे। कुछ दिन पहले उन्होंने अर्जुन को पड़ोसियों के सामने अपमानित किया था।अर्जुन माता-पिता द्वारा उसकी बहन कोमल को ज्यादा प्यार करने से भी नाराज था। उसे शक था कि पिता संपत्ति कोमल के नाम कर देंगे।

पुलिस ने बताया कि अर्जुन को जब पता चला कि राजेश वसीयत कोमल के नाम करने वाले हैं तो अर्जुन गुस्से से भर गया। उसने खुद को अपेक्षित और अलग महसूस किया।पुलिस ने बताया कि आरोपी अर्जुन ने हत्या की योजना कई हफ्ते पहले बना ली थी। वह रोजाना सुबह जिम और सैर करने जाता था, इसलिए उसने यही कहानी रची।उसने 4 दिसंबर को हत्या का दिन इसलिए चुना क्योंकि उसके माता-पिता की शादी की 27वीं सालगिराह थी।

अर्जुन ने सुबह सैर पर जाने से पहले पहली मंजिल पर जाकर पिता और माता का चाकू से गला रेत दिया ताकि आवाज न आए। इसके बाद भूतल में सो रही कोमल का गला भी रेता और बाहर चला गया।उसने पुलिस को बताया था कि सैर पर जाने से पहले अपनी मां को सालगिराह की बधाई दी थी और घर के बाहर से चिल्लाकर गेट बंद करने को कहा था।अर्जुन को गुरुवार को कोर्ट में पेश किया जाएगा।

### मुंबई में अधिकतम तापमान 37.3 डिग्री सेल्सियस पर पहुंचा, दिसंबर का सबसे गर्म दिन रिकॉर्ड

**मुंबई/एजेंसी।** महाराष्ट्र के मुंबई में सियासी गर्मी के साथ मौसम में भी गर्मी का अहसास हो रहा है। बुधवार को यहां दिन का अधिकतम तापमान 37.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो 16 साल में दिसंबर का सबसे गर्म दिन था।भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) के मुताबिक, बुधवार को सांताक्रूज में 37.3 डिग्री सेल्सियस और कोलाबा मौसम केंद्र ने 35 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया है।इससे पहले 5 दिसंबर, 2008 को कलिना में 37.7 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज हुआ था। आईएमडी ने संभावना जताई है कि मुंबई का अधिकतम तापमान अगले एक हफ्ते तक 30 डिग्री के पार ही बना रहेगा, वहीं न्यूनतम तापमान 25.5 डिग्री सेल्सियस है।मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक, मुंबई में अधिकतम और न्यूनतम तापमान सामान्य से 3 और 5 डिग्री सेल्सियस अधिक हैं।

---

राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम

# रोडवेज बसों में बिना टिकट यात्रा करने पर वसूली जाएगी किराए की 10 गुना राशि

चमकता राजस्थान

**जयपुर, 5 दिसंबर।** रोडवेज बसों में बिना टिकट यात्रा करते हुए पाए जाने पर निर्धारित किराए से 10 गुना के बराबर राशि वसूली जाएगी। रोडवेज प्रबंधन ने अधिभार राशि की वसूली के संबंध में पूर्व में जारी आदेशों के स्थान पर संशोधित आदेश जारी किए हैं।

उपमुख्यमंत्री एवं परिवहन मंत्री डॉ प्रेमचंद बैरवा के निर्देशों पर रोडवेज को घाटे से उबारने एवं राजस्व अर्जन में वृद्धि लाने के सार्थक प्रयासों पर जोर दिया जा रहा है।

निगम अध्यक्ष श्रीमती शुभ्रा सिंह ने बताया कि निगम में वाहन निरीक्षण व्यवस्था को प्रभावी बनाने और निगम राजस्व में वृद्धि के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि ज्यादातर निरीक्षकों द्वारा वाहन निरीक्षण के दौरान बिना टिकट यात्रियों से अधिभार राशि की वसूली नहीं की जाती है। ऐसे में पूर्व में जारी आदेशों को संशोधित कर बिना टिकट यात्रा करते हुए पाए जाने पर यात्री भाड़े के 10 गुना के बराबर या 2000 रुपए जो भी कम हो, की वसूली की जाएगी। उन्होंने बताया कि इस संबंध में निरीक्षण कार्य करने वाले कार्मिकों के लिए भी प्रतिमाह 36 हजार रुपए अधिभार राशि वसूल किए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। पूर्व में निरीक्षकों के लिए यह लक्ष्य 3 बिना टिकट यात्री प्रकरण पकड़े जाने का था।

श्रीमती सिंह ने बताया कि इसके साथ ही निगम के किसी भी एक आगार के बस सारथियों, परिचालकों, चालकों के विरुद्ध एक माह में बिना टिकट यात्रा के कुल पांच या पांच से अधिक ऐसे प्रकरण पाए जाते हैं जिनमें उन पर कार्यवाही की जा सकती है या की गई हो तो ऐसे मामलों में संबंधित आगार में कार्यरत कार्मिकों के विरुद्ध भी लापरवाही बरतने के आरोप में आरोप पत्र जारी करते हुए निलंबित किया जाएगा ताकि जांच प्रभावित न हो।



---

## दैनिक चमकता राजस्थान समाचार-पत्र की खबर का हुआ असर

# वाणिज्यिक कर विभाग में संविदाकर्मी जीएसटी सलाहकार की सेवाएं की गयी समाप्त

### विवादित सेवानिवृत्त उपायुक्त अरविंद मिश्रा को भ्रष्टाचार की शिकायतों के बाद आयुक्त ने पद से हटाया

चमकता राजस्थान

जयपुर (खलील कुरैशी) दैनिक चमकता राजस्थान समाचार-पत्र ने विगत दिनों प्रमुखता से खबर प्रकाशित कर विवादित संविदाकर्मी अरविंद मिश्रा जो कि वाणिज्यिक कर विभाग में संविदाकर्मी जीएसटी सलाहकार के रूप में काबिज होकर था तानाशाही और घौर भ्रष्टाचार में लिप्त था उसके बारें में भ्रष्टाचार में संलिप्तता और तानाशाही, दलाली को उजागर किया था जिसके चलते दैनिक चमकता राजस्थान अखबार की खबर के असर के कारण ही वाणिज्यिक कर विभाग ने भ्रष्ट और विवादित संविदाकर्मी सलाहकार की सेवाओं को समाप्त करके विभाग और व्यापारीयों एवं आमजन को राहत देने का काम किया सुत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जीएसटी सलाहकार की सेवाएं समाप्त कर दी गयी गौरतलब है कि अरविंद मिश्रा की हुई रञ्ळ से विदाई, सेवानिवृत्ति के बाद ञ्ळ सलाहकार के पद पर हुई थी नियुक्ति, करीब 3 साल से सलाहकार के पद पर निर्बाध रूप से कार्य किया, 30 नवंबर को समय सीमा समाप्ति के बाद हुई गुपचुप विदाई, मिश्रा की विवादित छवि व भ्रष्टाचार में संलिप्तता तथा कार्यों को लेकर भी विभाग में चर्चाओं का बाज़ार गर्म है, उल्लेखनीय है कि अरविंद मिश्रा के खिलाफ विभाग व राज्य सरकार में भ्रष्टाचार को लेकर अनेक शिकायतें हुई थी शिकायतों के कारण ही करीब 6 माह तक मिश्रा का वेतन भी अटका रहा वेतन, रञ्ळ के मुख्य आयुक्त ने मिश्रा के कार्यकाल विस्तार में नहीं दिखाई रुचि, अब अरविंद मिश्रा के शासन सचिवालय में जाने की अटकलें आपकों बता दें कि विवादित संविदाकर्मी सलाहकार अरविंद मिश्रा के बारे में उच्च अधिकारियों को अवगत कराया की ऐसे विवादित भ्रष्ट सलाहकार की विभाग को जरूरत नहीं है जो अपने स्वार्थों के लिये विभागीय उच्च अधिकारियों को गुमराह करता है इसकी काफ़ी दिनों से प्राप्त हो रही थी शिकायतो ये बताया जा रहा है पूर्व आयुक्त का ख़ास जिसने अपने चहेतों को लगवाया मलायीदार पोस्टों पर और बदले में उनसे करता था वसूली वित्त विभाग के आला अधिकारियों की शह पर कर रहा था मनमज़ी,विभागीय अधिकारियों को देता था बाहर पोस्टिंग कि धमकीचीफ सेक्रेटरी को हुई थी शिकायत नये ईमानदार आयुक्त राजपुरोहित ने अपनी बेदाग़ छवि के मध्यनज़र ऐसे भ्रष्ट सलाहकार से किया किनारा और इसे दिखाया विभाग से बाहर का रास्ता।सुत्रों से मिली जानकारी के अनुसार भ्रष्टाचार उन्मूलन मंच राजस्थान ने मुख्य सचिव राजस्थान सरकार सुधांशु पंत को पत्र लिखकर सेवानिवृत उपायुक्त, वाणिज्यिक कर विभाग के तथाकथित सलाहकार एवं संविदा कर्मी भ्रष्ट अधिकारी अरविन्द मिश्रा की भ्रष्ट से संलिप्त गतिविधियों से अवगत करवाकर इसे संविदा से हटाने का आग्रह किया था राजस्थान भ्रष्टाचार उन्मूलन मंच ने पत्र के माध्यम से सीएस को भ्रष्ट संवीदाकर्मी और तथाकथित सलाहकार अरविन्द मिश्रा, उपायुक्त वाणिज्यिक कर विभाग जो सेवानिवृति के बाद भी सलाहकार के रूप में प्रमुख शासन सचिव, वित्त सचिव व आयुक्त वाणिज्यिक कर की अनुकम्पा से वाणिज्यिक कर विभाग में संविदा पर लगा हुआ है एवं सेवा विस्तार व जी.एस.टी. ट्यूबनल के सदस्य बनने के जुगाड में भी है यह सेवानिवृत कर्मी सलाहकार नहीं होकर विभाग में पैसों की दलाली का काम कर रहा है। व्यापारियों एवं अधिकारियों को सर्वे एवं ट्रासंफर के नान पर दनकाता है एवं पैसा इक्कट्ठा कर सभी सर्वोच्च अधिकारियों में बॉटता है। प्रर्वतन शाखा (एनटी इवेजन) एवं प्रदेश के सभी जोनों के उपायुक्त (प्रशासन) से प्रतिमाह करोडों रूपये इक्कट्ठे कर सभी उच्चाधिकारियों में वितरित करता हैं। पूरा वाणिज्यिक कर विभाग इससे भयभीत था एवं व्यापारी वर्ग भी परेशान है। वाणिज्यिक कर विभाग में कभी सलाहकार का पद नहीं रहा है जी०एस०टी० के लागू होने के प्रारंभिक वर्षो में कार्य अधिक होते हुये भी कोई सलाहकार नहींरहा है। केवल 2 वर्षों से सलाहकार के रूप में इस दलाल को नियुक्त किया हुआ था तथा बिना कोई विशेष योग्यता एवं अनुभव लिये संविदा पर सलाहकार के पद पर कब्ज़ा किये हुए था । इस भ्रष्टाचारी दलाल को सरकारी तंत्र से दूर किया जिससे व्यापारियों एवं विभाग के कर्मचारियों को निश्चित रूप से राहत मिली है।

---

### राजस्थानी भाषा की मान्यता के खुले द्वार जल्द मिल सकती है स्वीकृति

- आठवीं अनुसूची में शामिल करने की मांग को लेकर मुख्य सचिव ने केंद्र सरकार को लिखा पत्र



**चमकता राजस्थान। जयपुर !(खलील कुरैशी)।** राजस्थान के लोगों का लंबा इंतजार जल्द खत्म हो सकता है। प्रदेश सरकार द्वारा राजस्थानी भाषा को आठवीं अनुसूची में शामिल करने के लिए एक बार फिर कवायद तेज हो गई है। गुरुवार को मुख्य सचिव सुधांश पंत ने भारत सरकार के गृह सचिव गोविंद मोहन को पत्र लिख राजस्थानी भाषा को आठवीं अनुसूची में शामिल करने की सिफारिश की है। मुख्य सचिव ने अपने पत्र में लिखा- भारत के संविधान की आठवीं अनुसूची में भाषाओं को सम्मिलित करने और वस्तुनिष्ठ मानदंड तैयार करने हेतु सीताकांत महापात्र की अध्यक्षता में गठित समिति की सिफारिश में अलग-अलग भाषाओं को संवैधानिक दर्जा देने के लिए पात्र बताया गया है।समिति की सिफारिश गृह मंत्रालय में विचाराधीन है। राजस्थानी भाषा को अब तक भारत के संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल नहीं किया गया। ऐसे में राजस्थानी भाषा को भारत के संविधान की आठवीं अनुसूची में सम्मिलित कराने की कार्रवाई के संबंध में आदेश प्रदान किए जाए।विधानसभा में राजस्थानी भाषा पर संकल्प पारित हो चुका है राजस्थानी भाषा को संवैधानिक मान्यता प्रदान कर इसे भारत के संविधान की आठवीं अनुसूची में करने का संकल्प राजस्थान विधानसभा द्वारा 3 सितंबर 2003 को पारित किया जा चुका है। इसे भारत सरकार द्वारा मंजूर किया जाना ही बाकी है। इसको लेकर पिछले लंबे वक्त से प्रदेशभर में राजस्थानी भाषा को संवैधानिक मान्यता दिलाने के लिए अलग अलग संगठन अपने स्तर पर प्रयास कर रहे हैं।

---

## एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स पुलिस मुख्यालय की कार्रवाई

# 25 हजार रुपये का इनामी शातिर चंदन तस्कर गिरफ्तार, 9 साल से चल रहा था फरार

### यूपी, एमपी और महाराष्ट्र में आइसक्रीम की लोरी चलाकर काट रहा था फरारी

चमकता राजस्थान

**जयपुर (खलील कुरैशी) 5 दिसंबर।** एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स पुलिस मुख्यालय की टीम ने उदयपुर के जिला कलेक्टर एवं बांसवाड़ा के सेशन न्यायाधीश एवं एसडीएम के सरकारी निवास एवं नर्सरी के गार्ड को बंधक बना मारपीट कर चंदन के पेड़ों की चोरी कर तस्करी करने के मामले में करीब 9 सालों से फरार चल रहे शातिर चंदन तस्कर कालूराम जाट पुत्र सोनाथ निवासी हरनी कला थाना कोतवाली जिला भीलवाड़ा को डिटेन कर लिया। जिसे अग्रिम कार्रवाई के लिए बांसवाड़ा जिले की कोतवाली थाना पुलिस को सौंप दिया गया है।अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स दिनेश एमएन ने बताया कि वांछित अपराधियों एवं आपराधिक गिरोह पर निगरानी के लिए उपमहानिरीक्षक पुलिस योगेश यादव एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ शर्मा के सुपरविजन में गठित एजीटीएफ की विभिन्न टीमों को आसूचना संकलन के लिए प्रदेश के विभिन्न शहरों में रवाना किया गया है एडीजी एमएन बताया कि पुलिस निरीक्षक राम सिंह नाथावत के नेतृत्व में उप निरीक्षक प्रताप सिंह एवं कांस्टेबल विजय सिंह व गोपाल लाल की एक टीम पश्चिम राजस्थान में आसूचनाओं का संकलन कर जानकारी जुटा रही थी। चंदन के पेड़ों की चोरी कर तस्करी के मामले में बांसवाड़ा जिले के थाना कोतवाली में वांछित 25 हजार रुपये का इनामी व उदयपुर जिले के भूपालपुरा थाने का स्थाई वारंटी कालूराम जाट 9 साल से फरार चल रहा था। इस पर बांसवाड़ा जिले में तीन एवं उदयपुर जिले में चंदन के पेड़ों की चोरी का एक मुकदमा दर्ज है। एमएन ने बताया कि टीम ने आरोपी के बारे में जानकारी जुटा इसकी गतिविधियों पर नजर रखना शुरू किया। इसी दौरान टीम के सदस्य कांस्टेबल विजय सिंह एवं गोपाल धाबाई एवं डीएसटी भीलवाड़ा के कांस्टेबल राघवेंद्र सिंह को इसके बारे में इनपुट प्राप्त हुए। इस पर इंस्पेक्टर राम सिंह मय टीम द्वारा सूचना को पुख्ता किया गया। भीलवाड़ा जिले में कोतवाली थाना अंतर्गत तेजसिंह सर्कल से बड़ी मुश्किल आरोपी को डिटेन किया गया, जिसे अग्रिम कार्रवाई के लिए थाना कोतवाली बांसवाड़ा को सुपुर्द किया जा चुका है।गिरफ्तार आरोपी कालूराम जाट काफी शातिर किस्म का है। पुलिस से बचने के लिए आरोपी ने अपने पास मोबाइल रखना भी छोड़ दिया। अपने गांव, परिजनों एवं रिश्तेदारों से किनारा कर यूपी, एमपी और महाराष्ट्र में आइसक्रीम की लोरी चलाकर फरारी काट रहा था। कभी-कभी रात के अंधेरे में छुपते-छुपाते परिजनों से मिलने आता और सुबह होने से पहले वापस निकल जाता।एडीजी ने बताया कि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सिद्धांत शर्मा के सुपरविजन एवं इंस्पेक्टर राम सिंह नाथावत के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई में एजीटीएफ के कांस्टेबल विजय सिंह एवं गोपाल धाबाई एवं डीएसटी भीलवाड़ा के कांस्टेबल राघवेंद्र सिंह की विशेष भूमिका रही।



# जयपुर पुलिस आयुक्त बीजू जॉर्ज जोसफ के कुशल निर्देशन एवं उचित प्रबंधन में जयपुर पुलिस ने एक बार फिर किया राजस्थान पुलिस का इक़बाल बुलंद

## थाना प्रताप नगर द्वारा थाना क्षेत्र में हुई लूट व अपहरण की वारदातो का किया खुलासा

चमकता राजस्थान

जयपुर, (खलील कुरैशी) 05 दिसम्बर 2024, गुरूवार। पुलिस उपायुक्त जयपुर (पूर्व) तेजस्वनी गौतम आईपीएस ने बताया कि पुलिस थाना प्रतापनगर जयपुर (पूर्व) के क्षेत्र में लूट व अपहरण की वारदातों को गंभीरता से लेते हुए, उनका खुलासा करने के लिए आशाराम चौधरी आरपीएस अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त जयपुर (पूर्व) के मार्गदर्शन में व विनोद शर्मा पुलिस आयुक्त, सांगानेर जयपुर पूर्व मुनींद्र सिंह पुलिस निरीक्षक थानाधिकारी पुलिस थाना प्रतापनगर जयपुर (पूर्व) के नेतृत्व में टीम गठित की गयी।





- **गठित टीम का विवरण**

सुरेन्द्र उप निरीक्षक, पुलिस थाना प्रताप नगर जयपुर पूर्व। बन्ना लाल उप निरीक्षक पुलिस थाना प्रताप नगर जयपुर पूर्व। बलवीर एचसी पुलिस थाना प्रताप नगर जयपुर पूर्व।शंकर लाल 7740, पुलिस थाना प्रताप नगर जयपुर पूर्व। हुकम सिंह 7246, पुलिस थाना प्रताप नगर जयपुर पूर्व। गणेश कानि. 9958 पुलिस थाना प्रताप नगर जयपुर पूर्व। राजेश कुमार कानि. 7730 पुलिस थाना प्रताप नगर जयपुर पूर्व। दयाराम कानि. 8390 पुलिस थाना प्रताप नगर जयपुर पूर्व।

**घटना का विवरण :-** 1. परिवादी चेतराम मीणा पुत्र भरतलाल मीणा ने प्रताप

नगर थाना पर एक रिपोर्ट दर्ज करवायी कि मैं और मेरा भाई पृथ्वीराज मीणा बी-195 नंदपुरी कॉलोनी प्रताप नगर में रहतें है। मकान के आगे वाले कमरे में अंकित मीणा व शम्भुदयाल मीणा रहते है। मेरे भाई को मैंने कॉल किया तो मेरे भाई का फोन बन्द आ रहा था। मैंने रूम पर जाकर देखा तो रूम का लॉक टूटा हुआ था व सामान बिखरा हुआ था रूम से लेपटॉप व अन्य चीजे नही मिली। मैने मकान के कैमरे चैक करवाये तो रात्रि में एक बोलेरो लाल बती व एक स्कार्पियों ब्लैक कलर की आयी जिसमें 6-7 लोग आये मेरे भाई व अंकित को लेकर चले गये। उसके बाद 1:47 पीएम पर मेरे भाई का कॉल आया कि 10000/15000 रूपये डाल दे इसकी सूचना मैने पुलिस को दे दी आदि रिपोर्ट पर प्रकरण संख्या 1009/2024 धारा 140 (3), 115 (धारा 140(3),115(2),308(2),3(5) बीएनएस में दर्ज कर अनुसंधान प्रारम्भ किया गया। पुलिस टीम द्वारा घटना की गंभीरता को लेते हुए घटनास्थल पर पहुंचकर घटना के संबंध में जानकारी प्राप्त कर आस पडौस में लगे करीबन 20 जगह के सीसीटीवी कैमरे देखकर प्राप्त फुटेज चैक करके अपने मुखवीर तन्त्र से तस्दीक करवायी गयी। पुलिस टीम द्वारा रात दिन अथक प्रयास कर वारदात को अंजाम देने वाले सुनील चौधरी व आर्यन राजपूत को डिटेन कर, अनुसंधान किया गया। अनुसंधान से अन्य आरोपियान को नामजद कर शीघ्र ही गिरफ्तार किया जावेगा।। वारदात में उपयोग में ली गयी कार स्वीप्ट सुनील व आर्यन से बरामद की गयी। प्रकरण हाजा में सुनील व आर्यन को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश किया गया। प्रकरण में अन्य आरोपी नवरतन शर्मा को भी डिटेन किया जिससे वारदात को अन्जाम देते समय उपयोग में ली गयी लाल बती लगी हुयी बोलेरो गाडी जप्त की गयी। प्रकरण में नवरतन शर्मा को बाद अनुसंधान गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश किया गया। आरोपी आर्यन राजपूत पुलिस थाना रामनगरिया जयपुर में भी अपहरण की अन्य वारदात में फरार चल रहा है। प्रकरण में अनुसंधान जारी है।(2). परिवादी सुरेश चौधरी पुत्र रामलाल ने थाना प्रताप नगर जयपुर पर रिपोर्ट दर्ज करवायी कि की दिनांक 29.11.2024 को रात्रि में 9 बजे ऑनलाईन प्लेटफॉर्म के माध्यम से एक महिला से जानकारी हुयी जिससे मिलने गुड टाईम्स हॉटल पहुंचा जहां पर शोयफ नाम का लडका आया ओर मुझे हॉटल से बाहर लेकर आ बया जिसने फोन करके अपने दोस्तों को बुला लिया। होटल से बाहर आते ही 5-6 लोग मुझे काले कलर की स्कार्पियों में डालकर शिवदासपुरा टोल की तरफ ले गये मेरे साथ मारपीट की और एक दूसरे का नाम वाफिद, दिनेश कसाणा, ईशाक खान और वही महिला अन्य दो व्यक्तियों नें मेरी जेब से 15000 हजार रूपये, एक सोने की चैन व दो मोबाईल छीन कर ले गये और मुझे वही जगंल में छोड दिया मैने वहां से आकर रिपोर्ट दी आदि रिपोर्ट पर प्रकरण संख्या 1012/24 धा-रा 140 (2) 140 (3), 115 (2),308(2),3(5) बीएनएस में दर्ज कर अनुसंधान प्रारम्भ किया गया। पुलिस टीम द्वारा घटना स्थल के सीसीटीवी फुटेज निकालकर स्कार्पियों के नम्बरों की पहचान कर आरोपियों को चिहिनत किया गया। उसके बाद अलग-अलग पुलिस टीमों का घटन कर संभावित स्थानों पर दबिश दी गयी। पुलिस टीम द्वारा अपने मुखबीर तन्त्र को सक्रिय कर मुल्जिमान वाफिद, फारूख व सोयफ को डिटेन किया जिन्हें बाद अनुसंधान प्रकरण में गिरफ्तार किया गया, जिनसे एक स्कार्पियो गाडी, एक सोने की चैन, व दो मोबाईल बरामद किये। वारदात में शामिल अन्य आरोपियों के बारे में जानकारी कर उनके शीघ्र ही गिरफ्तार किया जावेगा। प्रकरण में अनुसंधान जारी है।(3). परिवादी विष्णुचन्द सैन ने दर्ज कराया कि दिनांक 25.09.2024 को नारायण सिंह सर्किल जयपुर से राईड बुक करके कैर के बालाजी के पास लाया था कस्टमर ने वहां दो लोगों को फोन करके बुलाया था उन दोनों लोगो में से एक ने मेरे सिर पर हेलमेट से मारेने लगा मेरा मोबाईल व गाडी लेकर चले गये आदि रिपोर्ट पर प्रकरण संख्या 894/2024 धारा 3(5),115(2),309(4),126 (2) बीएनएस में दर्ज कर अनुसंधान प्रारम्भ किया गया। पुलिस टीम द्वारा पुलिस टीम द्वा-रा प्रकरण में पूर्व में चालानशुदा मुल्जिमान कि डिटेल निकालकर अपने मुखबीर तन्त्र को सक्रिय करके आरोपियों की पहचान की गयी। आरोपी बालकृष्ण उर्फ गोलू व अरविन्द को डिटेन कर प्रकरण में अनुसंधान किया गया जिन्हें बाद अनुसंधान प्रकरण में गिरफ्तार किया जिनसे एक मोबाईल भी जप्त किया गया। प्रकरण में अनुसंधान जारी है।(4). परिवादिया अर्चना शर्मा ने थाना प्रताप नगर जयपुर पर रिपोर्ट दर्ज करवायी कि की दिनांक 17.05.2023 को मे-रे घर पर कालू मीणा का लडका छोटया मेरी मशीन चोरी कर रहा था जिसको मैने पकड लिया तो उसने मेरे सिर पर पत्थर मारकर भाग गया जिस पकडे आदि रिपोर्ट पर प्रकरण संख्या 495/2023 धारा 379, 427 आईपीसी में दर्ज कर अनुसंधान प्रारम्भ किया गया। पुलिस टीम द्वारा अपने मुखबीर तन्त्र से आरोपी की तलाश कर कैर के बालाजी के पास से डिटेन किया, जो करीबन 20 माह से फरार चल रहा था। आरोपी कमलेश उर्फ छोटया को प्रकरण में बाद अनुसंधान गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जावेगा। प्रकरण में अनुसंधान जारी है।

- **अलग - अलग मामलों में कुल 09 लोगों को किया गिरफ्तार।**
- **कब्जे से वारदात में प्रयुक्त वाहन स्कार्पियों रंग काला, एक बालेरों व एक स्वीप्ट कार को किया बरामद।**
- **एक सोने की चैन, एक घडी व तीन मोबाईल भी किये बरामद**

### गिरफ्तार मुल्जिमान का विवरण :-

1.आर्यन सिंह नरूका पुत्र दिलीप सिंह नरूका जाति राजपूत उम्र 20 साल निवासी राजपूतों का मौहल्ला कादेडा थाना चाकसू जयपुर दक्षिण।2.सुनील चौधरी पुत्र शिवराज चौधरी जाति जाट उम्र 21 साल निवासी गांव नैनवा थाना चाकसू जयपुर दक्षिण।3.नवरत्न शर्मा पुत्र राधेश्याम शर्मा जाति ब्राहमण उम्र 40 साल निवासी अलियाबाद थाना निवाई सदर जिला टोंक हाल किरायेदार रामचन्द्र माली का मकान नारायण विहार सैक्टर 03 प्रताप नगर जयपुर पूर्व।4.वाफीद खान पुत्र अब्दुल रसीद जाति बन्जारा उम्र 25 साल निवासी लुहारा थाना निवाई सदर जिला टोंक।5.फारूख खन पुत्र मोहम्मद खान जाति बन्जारा उम्र 35 साल निवासी गांव लुहारा थाना निवाई सदर जिला टोंक।6. सोयफ पुत्र युसफ खान जाति बन्जारा उम्र 23 साल निवासी गांव लुहारा थाना निवाई सदर जिला टोंक।7.बालकृष्ण उर्फ गोलू पुत्र संजय कुमार शर्मा जाति ब्राहमण उम्र 23 साल निवासी गांव बसवारा पाडा मटीया महल हिडोंन थाना कोतवाली हिडोंन जिला करौली हाल उत्सव अपार्टमेन्ट प्रताप नगर जयपुर 8.अरविन्द पुत्र इंद्रपाल जाति जाट उम्र 20 साल निवासी गांव करावली थाना करावली कोतवाली जिला आगरा उतरप्रदेश हाल मुहाना मण्डी जयपुर।9. कमलेश उर्फ छोटू मीणा पुत्र कालूराम मीणा जाति मीणा उम्र 20 साल निवासी मकान नम्बर 263/480 सैक्टर 26 प्रताप नगर जयपुर।

## हेमंत सरकार का कैबिनेट विस्तार : 11 मंत्रियों ने ली शपथ, छह नए चेहरे

**रांची/एजेंसी।** झारखंड की हेमंत सोरेन सरकार का गुरुवार को कैबिनेट विस्तार हुआ जिसमें 11 मंत्रियों ने शपथ ली। राज्यपाल संतोष गंगवार ने राजभवन में आयोजित समारोह में सभी नवनियुक्त मंत्रियों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई।

इन मंत्रियों में झारखंड मुक्ति मोर्चा से दीपक बिरुआ, रामदास सोरेन, हफीजुल हसन, सुदिव्य कुमार सोनू, योगेंद्र महतो और चमरा लिंडा शामिल हैं। कांग्रेस से दीपिका पांडेय सिंह, इरफान अंसारी, राधाकृष्ण किशोर और शिल्पी नेहा तिर्की को मंत्री बनाया गया है जबकि राष्ट्रीय जनता दल से संजय प्रसाद यादव को कैबिनेट में जगह दी गई है।

इन मंत्रियों से पहले राज्यपाल ने झामुमो के वरिष्ठ विधायक स्टीफन मरांडी को विधानसभा के प्रोटेम स्पीकर के तौर पर शपथ दिलाई गई। राजभवन के अशोक उद्यान में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में सीएम हेमंत सोरेन, कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव और झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर, राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय महासचिव जयप्रकाश नारायण यादव सहित कई महत्वपूर्ण लोग उपस्थित रहे।

नवगठित कैबिनेट में छह नए और पांच पुराने चेहरे हैं। नए मंत्रियों में राधाकृष्ण किशोर, सुदिव्य सोनू, चमरा लिंडा, योगेंद्र प्रसाद, शिल्पी नेहा तिर्की और संजय यादव शामिल हैं। सत्तारूढ़ गठबंधन में इस बार आठ महिलाएं चुनाव जीतकर विधानसभा पहुंची हैं। इनमें से दो को कैबिनेट में जगह मिली है। कैबिनेट में राज्य के पांचों प्रमंडलों को प्रतिनिधित्व दिया गया है। संथाल परगना से सर्वाधिक चार मंत्री बनाए गए हैं। कोल्हान, दक्षिणी छोटानागपुर और उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल से दो-दो और पलामू प्रमंडल से एक विधायक को मंत्रिमंडल में जगह मिली है। सरकार ने मंत्रिमंडल में विभिन्न समुदायों को प्रतिनिधित्व देकर सामाजिक-राजनीतिक समीकरणों को साधने का प्रयास किया है। अनुसूचित जनजाति से चार, अनुसूचित जाति से एक, ओबीसी से तीन, अल्पसंख्यक समुदाय से दो और सवर्ण समुदाय से एक विधायक को प्रतिनिधित्व दिया गया है।

## पाकिस्तान में छात्र संघ चुनाव पर प्रतिबंध को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती

इस्लामाबाद। एजेंसी



पाकिस्तान में छात्र संघ चुनाव पर लगे प्रतिबंध को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई है। सुप्रीम कोर्ट की छह जजों की संवैधानिक पीठ ने दशकों पुराने प्रतिबंध को चुनौती देने वाली दो याचिकाओं को सुनवाई के लिए स्वीकार कर लिया। पीठ ने कानून मंत्रालय, उच्च शिक्षा आयोग (एचईसी) और प्रांतीय सरकारों को नोटिस जारी कर उन्हें अगली सुनवाई में अपने जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। डॉन समाचार पत्र के अनुसार, बैरिस्टर जफरुल्लाह खान और बैरिस्टर उमर इजाज गिलानी के माध्यम से आईजेटी ने दोनों याचिका दायर की हैं। इनमें एक याचिका एलयूएमएस के छात्र नेता हमजा ख्वाजा की है। याचिकाओं में कैंपस हिंसा पर अंकुश लगाने के बहाने छात्र राजनीति पर प्रतिबंध लगाने वाले 1993 के फैसले पर फिर से विचार करने का आग्रह किया गया। याचिकाओं में दावा किया कि छात्र राजनीति पर प्रतिबंध अनुच्छेद 17 के जरिए गारंटीकृत संघ बनाने के संवैधानिक अधिकार का उल्लंघन है। तर्क दिया गया है कि 1993 के फैसले के बाद से संवैधानिक संशोधनों ने मतदान की आयु 21 से घटाकर 18 वर्ष कर दी है। एक छात्र, जो कानूनी रूप से वोट देने का हकदार है, को संघ बनाने या राजनीतिक संघ के अन्य रूपों में हिस्सा लेने से कैसे रोका जा सकता है। यह भी कहा गया है कि कैंपस राजनीति लोकतांत्रिक मूल्यों के पोषण और भविष्य के नेतृत्व को विकसित करने का माध्यम है।

## रचा इतिहास : एक बिटकॉइन की कीमत बढ़ कर 100,000 डॉलर के पार

वॉशिंगटन। एजेंसी



संयुक्त राज्य अमेरिका में बुधवार को एक बिटकॉइन की कीमत बढ़कर 100,000 डॉलर से अधिक हो गई। पहली बार बिटकॉइन की कीमत इस स्तर पर पहुंची है। अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप की राष्ट्रपति पद पर जीत के बाद इसकी कीमत में लगातार उछाल आ रहा है। क्रिप्टो उत्साही लोगों ने उन्हें पहला 'बिटकॉइन राष्ट्रपति' करार दिया है। अमेरिका के समाचार पत्र द न्यूयॉर्क टाइम्स की खबर के अनुसार, ट्रंप ने राष्ट्रपति चुनाव अभियान के दौरान खुद को एक बिटकॉइन उत्साही के रूप में प्रचारित किया। उन्होंने अमेरिका को प्लेनेट की क्रिप्टो कैपिटल के रूप में स्थापित करने और एक राष्ट्रीय बिटकॉइन रिजर्व बनाने की बात कही थी। निवेशकों को उम्मीद है कि ट्रंप के राष्ट्रपति बनने के बाद परिदृश्य और बदलेगा। इस साल बिटकॉइन की कीमत में 100 फीसदी तेजी आई है। ट्रंप के जीतने के बाद से चार सप्ताह में इसकी कीमत 45 फीसदी बढ़ी है। इसके साथ ही बिटकॉइन का मार्केट कैप पहली बार 2 ट्रिलियन डॉलर के पार पहुंच गई है। यह मास्टरकार्ड, वॉलमार्ट और जेपी मॉर्गन चेज के संयुक्त मूल्य से अधिक है।

वर्ष 2008 में एक अज्ञात कोडर के बिटकॉइन बनाए जाने पर इसे अपनाने वाले हैकरों और राजनीतिक कट्टरपंथियों के विविध समूह कई बार करोड़पति बन चुके हैं। इसने सार्वजनिक रूप से कारोबार करने वाली कॉइनबेस, क्रिप्टोकरेंसी एक्सचेंज जैसी कंपनियों को उद्योग का दर्जा प्रदान किया है। क्रिप्टो करेंसी के इतिहास के बारे में 2019 में किताब लिखने वाले फिन ब्रंटन का कहना है कि बिटकॉइन की यह प्रभावशाली उपलब्धि है। प्रभावशाली अमेरिकी क्रिप्टो कंपनी सर्कल के मुख्य कार्यकारी जेरेमी अल्लायर ने कहा, ₹इस समय उद्योग में भारी उत्साह है।

बिटकॉइन में अत्यधिक अस्थिरता का खतरा बना हुआ है। जब वैश्विक अर्थव्यवस्था संघर्ष करती है तो इसकी कीमत कभी-कभी गिर जाती है। क्रिप्टो फॉरेंसिक फर्म चैनालिसिस के अनुसार, हालांकि कुछ अवैध गतिविधियों में कमी आई है। साइबर अपराधियों ने साल के पहले छह महीनों में लगभग 500 मिलियन डॉलर की फिरौती भुगतान की सुविधा के लिए डिजिटल मुद्रा का उपयोग किया।

## फ्रांस की मिशेल बार्नियर सरकार विश्वास मत में हारी

पेरिस। फ्रांस के प्रधानमंत्री मिशेल बार्नियर की सरकार नेशनल असेंबली में विश्वास मत में हार गई। इससे देश में राजनीतिक संकट गहरा गया है। छह दशक के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ। फ्रांस के समाचार पत्र 'ली मॉन्डे' की खबर में कहा गया है कि सांसदों ने सरकार को गिरा दिया। अब क्या होता है? यह देखना दिलचस्प होगा।अमेरिकी समाचार पत्र द न्यूयॉर्क टाइम्स ने अपनी खबर में कहा कि इस घटनाक्रम से फ्रांस राजनीतिक उथल-पुथल के चक्र में फंस गया। सांसदों ने प्रधानमंत्री मिशेल बार्नियर और उनके मंत्रिमंडल के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पारित कर दिया। संसद के 577 वाले निचले सदन (नेशनल असेंबली) के 331 सदस्यों ने बार्नियर की मध्यमार्गी अल्पसंख्यक सरकार को हटाने के लिए मतदान किया। इसी के साथ बार्नियर की तीन महीने पुरानी सरकार फ्रांस के पांचवें गणराज्य के इतिहास में सबसे कम कार्यकाल वाली सरकार बन गई। अब बार्नियर के जल्द ही इस्तीफा देने की उम्मीद है।

# खान विभाग की इसी माह के अंत तक एम-सेण्ड इकाइयों की स्थापना के लिए ई-नीलामी की तैयारी : टी. रविकान्त

चमकता राजस्थान

- **मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा द्वारा एम-सेण्ड पॉलिसी जारी करते ही विभाग एक्शन मोड पर**
- **फील्ड अधिकारियों को एम-सेण्ड इकाइयों के लिए प्लॉट तैयार कर प्रस्ताव भेजने के निर्देश**
- **बजरी का सस्ता और सहज विकल्प, खुलेंगे निवेश और आमजन को रोजगार के नए अवसर**

**जयपुर!(खलील कुरैशी) 5 दिसंबर।** खान एवं भूविज्ञान विभाग के प्रमुख शासन सचिव टी. रविकान्त ने बताया है कि विभाग द्वा-रा इसी माह के अंत तक एम-सेण्ड प्लॉटों की ई-नीलामी की प्रक्रिया आरंभ कर दी जाएगी। उन्होंने बताया कि विभाग के फील्ड अधिकारियों को एम-सेण्ड इकाइयों की स्थापना के लिए प्लॉट तैयार कर निदेशालय को प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए गए हैं।प्रमुख सचिव खान टी. रविकान्त ने मुख्यमंत्री एवं खान मंत्री भजन लाल शर्मा द्वारा बुधवार को राज्य की नई एम-सेण्ड पॉलिसी जारी होने के साथ ही एक्शन मोड पर आते हुए गुरुवार को सचिवालय में विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने बताया कि बजरी के विकल्प के रुप में एम-सेण्ड की सहज उपलब्धता के लिए नई एम-सेण्ड इकाइयों की स्थापना हेतु प्लॉट तैयार कर ई नीलामी की जाएगी। इससे प्रदेश में एम-सेण्ड का उत्पादन बढ़ेगा और आमनागरिकों को बजरी के विकल्प के रुप में एम-सेण्ड की सहज और सस्तें में उपलब्धत हो सकेगी।



इसके साथ ही प्रदेश में माइनिंग सेक्टर में नया निवेश और रोजगार के अवसर विकसित हो सकेंगे। टी. रविकान्त ने बताया कि मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा नेआमनागरिकों के लिए संवेदनशील निर्णय करते हुए बजरी के विकल्प के रुप में नई और व्यावहारिक एम-सेण्ड नीति बनाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के मार्गदर्शन में नई एम-सेण्ड पॉलिसी तैयार की गई। नई नीति में एम-सेण्ड इकाइयों को उद्योग का दर्जा देने के साथ ही राजस्थान निवेश प्रोत्साहन योजना में विशेष रियायतों दी गई है। राज्य की नई एम-सेण्ड नीति में प्रदेश में एम-सेण्ड इकाइयों की स्थापना और प्रदेश में बजरी के विकल्प के रुप में एम-सेण्ड के उपयोग को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया है। नई नीति में प्रदेश में एम-सेण्ड इकाइयों के संचालन में आसानी एवं उत्पादन की दृष्टि से निवेशकों के अनुकूल बनाने के साथ ही निवेशकों को रिप्स में सहायता प्रावधान और आमनागरिकों को बजरी के विकल्प के रुप में एम-सेण्ड की सहज उपलब्धता सुनिश्चित करने पर बल दिया गया है।प्रमुख सचिव रविकान्त ने बताया कि राज्य की नई एम-सेण्ड नीति में आम नागरिकों को बजरी के विकल्प के रुप में सस्ती एवं सहज उपलब्धता, नदियों से बजरी की आपूर्ति पर निर्भरता कम करते हुए पारिस्थितिकीय तंत्र में सुधार, खनन क्षेत्र के आवरबर्डन का बेहतर उपयोग, भवनों और कंक्रिट ढांचे के मलबे को रिसाईकलिंग के साथ ही एम-सेण्ड उद्योग को बढ़ावा व रोजगार के अवसर विकसित करना है। उन्होंने बताया कि नई नीति में एम-सेण्ड इकाई की स्थापना की पात्रता में रियायत देते हुए 3 साल के अनुभव व 3 करोड़ के टर्न ऑवर की बाध्यता समाप्त कर दी गई है। इसी तरह से ऑवरबर्डन पर देय रॉयल्टी को कम किया गया है वहीं नीलामी के समय एम-सेण्ड यूनिट के लिए दो प्लाट रखने के स्थान पर 5 प्लाट आरक्षित कर आवंटित किया जाएगा। इसके साथ ही ऑवरबर्डन पर देय डीएमएफटी की राशि में छूट, एम-सेण्ड के निर्माण में प्रयुक्त ऑवरबर्डन पर देय रॉयल्टी को कम करने, सरकारी और सरकार से वित पोषित निर्माण कार्यों में बजरी की मांग के आपूर्ति में 50 प्रतिशत एम-सेण्ड के उपयोग की अनिवार्यता तय की गई है ताकि प्रदेश में बजरी के विकल्प के रुप में सरकारी निर्माण कार्यों में एम-सेण्ड के उपयोग को बढ़ावा देना है रविकान्त ने बताया कि विभाग का जोर अब एम-सेण्ड इकाइयों की अधिक से अधिक स्थापना और सरकारी व सरकार से वित पोषित निर्माण कार्यों में बजरी के विकल्प के रुप में एम-सेण्ड का 25 प्रतिशत उपयोग सुनिश्चितकरना है। उन्होंने बताया कि विभाग एम-सेण्ड के उत्पादन में प्रतिवर्ष 20 फीसदी बढ़ोतरी के लक्ष्य के साथ आगे बढ़ेगा।

# ऑस्ट्रेलिया ने पहले वनडे में भारतीय महिला टीम को हराया



नई दिल्ली। एजेंसी

ऑस्ट्रेलियाई महिला क्रिकेट टीम ने गुरुवार को ब्रिस्बेन में भारत के खिलाफ पहले एकदिवसीय मैच में पांच विकेट से आसान जीत दर्ज की। इस जीत के साथ ही ऑस्ट्रेलिया ने तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली है। जीत की नींव ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों ने रखी, जिन्होंने पहले भारत को सिर्फ. 100 रन पर ढेर कर दिया और फिर इसके बाद 33 ओवर शेष रहते ही लक्ष्य हासिल कर लिया। तेज गेंदबाज मेगन स्कट ने ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजी आक्रमण की अगुआई करते हुए पहली बार एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच में पांच विकेट चटकाए, जिससे भारतीय टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 34.2 ओवर में केवल 100 रनों पर ढेर हो गई। भारत के लिए जेमिमा रौड्रिग्स ने सर्वाधिक 23 रन बनाए। जेमिमा के अलावा हरलीन देओल ने 19 और कप्तान हरमनप्रीत कौर ने 17 रन बनाए।

# पांचवीं बार पुरुष जूनियर एशिया कप चैम्पियन बना भारत

- फाइनल में पाकिस्तान को 5-3 से हराया
- अरजीत सिंह हुंदल ने 4 गोल दागकर दिलाई जीत




मस्कट (ओमान)। एजेंसी

भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम ने मस्कट (ओमान) में पुरुष जूनियर एशिया कप के हाई स्कोरिंग फाइनल में पाकिस्तान को 5-3 से हराकर अपने खिताब का सफलतापूर्वक बचाव किया। अरिजीत सिंह हुंदल के चार गोल की मदद से गत चैंपियन भारत ने बुधवार को फाइनल मुकाबले में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को हराकर खिताब की हैट्रिक लगाई। यह महाद्वीपीय टूर्नामेंट में भारत का पांचवां खिताब रहा। इससे पहले भारत ने वर्ष 2004, 2008, 2015 और 2023 में भी यह खिताब अपने नाम किया था। कोविड-19 महामारी के कारण यह टूर्नामेंट 2021 में आयोजित नहीं किया जा सका था। हॉकी इंडिया ने इस अवसर पर प्रत्येक खिलाड़ी को 2 लाख और प्रत्येक सहयोगी स्टाफ को 1 लाख का नकद इनाम देने की घोषणा की। अरिजीत सिंह हुंदल ने चौथे, 18वें और 54वें मिनट में तीन पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदला और 47वें मिनट में मैदानी गोल दागा। भारत के लिए एक अन्य गोल दिलराज सिंह (19वें मिनट) ने किया। जबकि पाकिस्तान के लिए सूफियान खान (30वें और 39वें मिनट) ने दो पेनल्टी कॉर्नर को गोल में तब्दील किया। सूफियान का साथ हन्नान शाहिद ने तीसरे मिनट में मैदानी गोल कर बखूबी दिया। हालांकि उनकी कोशिशें टीम को जीत दिलाने के लिए काफी नहीं रहीं।

मैच के शुरुआत में पाकिस्तान टीम ने काफी तेजी दिखाई और खेल के तीसरे ही मिनट में शाहिद के मैदानी गोल से बढ़त बना ली। हालांकि कुछ ही सेकेंड में भारत ने अपना पहला पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया और हुंदल ने शानदार ड्रैग फ्लिक के जरिए स्कोर बोर्ड को एक-एक की बराबरी पर ला दिया।

दूसरे क्वार्टर में भारत ने अपने खेल में सुधार किया और 18वें मिनट में अपना दूसरा पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया, जिसे हुंदल ने एक बार फिर गोल में बदला। एक मिनट बाद दिलराज ने भी एक बेहतरीन मैदानी गोल कर भारत की बढ़त को 3-1 कर दिया। पाकिस्तान ने 30वें मिनट में सूफियान के पेनल्टी कॉर्नर पर दागे गोल से स्कोर 2-3 किया। सूफियान ने 39वें मिनट में एक और पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर पाकिस्तान को बराबरी दिला दी।

इसके बाद भारत ने तेजी दिखाई और अंतिम क्वार्टर में 47वें मिनट में अपना तीसरा पेनल्टी कॉर्नर हासिल करते हुए हुंदल के शॉट मारा लेकिन पाकिस्तान के गोलकीपर ने उसे बचा लिया। मगर हुंदल ने कुछ ही देर बाद मैदानी गोल दागकर भारत को फिर बढ़त में ला दिया। मैच के अंतिम 10 मिनट खेल को और तेज करते हुए भारत ने लगातार आक्रमण किया। नतीजतन पाकिस्तान पर दबाव बढ़ा और इसी बीच हुंदल ने एक बार फिर बेहतरीन वैरिएशन से गोल करके टीम की 5-3 से जीत सुनिश्चित की।

## संक्षिप्त खबरें

### गोवा ने लगाई जीत की हैट्रिक, हैदराबाद एफसी के खिलाफ बटोरे पूरे तीन अंक



हैदराबाद। इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2024-25 में हैदराबाद एफसी का अपने घरेलू मैदान जीएमसी बालायोगी एथलेटिक स्टेडियम में हारने का सिलसिला जारी है। मेजबान टीम को अपने घर पर खेले चौथे मैच में भी हार मिली, जब एफसी गोवा ने बुधवार रात आईएसएल 2024-25 में जीत की हैट्रिक पूरी करते हुए मुकाबला 2-0 से अपने नाम किया। एफसी गोवा की जीत में राइट विंगर उदांता सिंह ने 33वें और स्पेनिश अटैकिंग मिडफील्डर इकर गुआरोटक्सेना ने 44वें मिनट में गोल किए। स्पेनिश अटैकिंग मिडफील्डर इकर गुआरोटक्सेना को दूसरा गोल करने और मिडफील्ड में दमदार खेल दिखाने के लिए प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया। एफसी गोवा 10 मैचों में पांच जीत, तीन ड्रा और दो हार से 18 अंक लेकर तालिका में छठे से तीसरे स्थान पर आ गई है। वहीं, अपनी टीम की लगातार तीसरी हार से हैदराबाद एफसी के हेड कोच थांगबोई सिंग्टो जरूर निराश होंगे। हैदराबाद एफसी 10 मैचों में दो जीत, एक ड्रा और सात हार से सात अंक लेकर तालिका में 11वें स्थान पर बनी हुई है। यह आईएसएल में दोनों टीमों के बीच 11वां मुकाबला था और आज एफसी गोवा ने छठी बार जीत हासिल की है जबकि हैदराबाद ने तीन मैच जीते हैं। मैच ड्रा रहे हैं। मैच का पहला गोल 33वें मिनट में आया, जब राइट विंगर उदांता सिंह ने एफसी गोवा को शुरुआती बढ़त दिलाते हुए स्कोर 1-0 कर दिया।

### हॉकी इंडिया ने की जूनियर एशिया कप जीतने पर भारतीय टीम को नकद पुरस्कार देने की घोषणा




नई दिल्ली। भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम ने बुधवार को मस्कट, ओमान में पुरुष जूनियर एशिया कप के उच्च स्कोर वाले फाइनल में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को 5-3 से हराकर अपने खिताब का सफलतापूर्वक बचाव किया। हॉकी इंडिया ने पुरुष जूनियर एशिया कप में खिताब की रक्षा और शानदार प्रदर्शन के लिए प्रत्येक खिलाड़ी को 2 लाख रुपये और प्रत्येक सहयोगी स्टाफ को 1 लाख रुपये का नकद पुरस्कार देने की घोषणा की है। भारत के लिए अराजित सिंह हुंदल (4', 18', 47', 54') ने बेहतरीन प्रदर्शन किया और चार गोल किये, जबकि दिलराज सिंह (19') ने भी एक गोल का योगदान दिया।

# गुलाबी गेंद पर अपना वर्चस्व कायम रखना चाहेगा ऑस्ट्रेलिया

एडिलेड। एजेंसी



- रोहित और शुभमन गिल की वापसी से भारतीय टीम मजबूत दिख रही है
- केएल राहुल यशस्वी के साथ ओपनिंग करेंगे

एडिलेड में गुरुवार को दिन के अधिकांश समय तेज धूप और शुष्क गर्मी रही, लेकिन उसके बाद बादल छा गए। हवा शांत थी और पब्लिक-एड्रेस सिस्टम के माध्यम से भारत और ऑस्ट्रेलिया के राष्ट्रगान बजाए गए, जो शुक्रवार दोपहर से यहां शुरू होने वाले दूसरे दिन-रात के टेस्ट की तैयारियों का हिस्सा था। पहले दिन कुछ स्थानों पर आंधी-तूफान आने का पूर्वानुमान है, लेकिन इससे कोई खास असर नहीं पड़ेगा। बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी सीरीज में भारत 1-0 से आगे है, रोहित शर्मा की टीम इस बढ़त को बरकरार रखना चाहती है, क्योंकि इस मैदान पर पहले से ही मिश्रित संकेत मिल रहे हैं। सुनील गावस्कर, संदीप पाटिल, सचिन तेंदुलकर, राहुल द्रविड़, वीरेंद्र सहवाग, अजीत अगरकर और विराट कोहली यहां अलग-अलग मौकों पर हीरो रहे हैं। हालांकि पिछली बार भारतीय टीम यहां केवल 36 रनों पर सिमट गई थी। इस हालिया मुकाबले से पहले, इस बात पर गहन चर्चा हुई है कि गुलाबी गेंद रोशनी में कैसे चलेगी और गोधूलि के समय में क्या मुश्किल होगी। भारत ने अपने चार दिन-रात के टेस्ट मैचों में से तीन जीते हैं और ये सभी जीत घरेलू परिस्थितियों में आए थे। 2020 में एडिलेड में एकमात्र विदेशी मुकाबला हारने के बाद, मेहमान टीम के पास अपनी गलतियों को सुधारने का मौका है।

## ऐतिहासिक अबू धाबी टी10 के सबसे बड़े सीजन का समापन

# 140 अंतरराष्ट्रीय सितारों ने बिखेरा जलवा

अबू धाबी। एजेंसी




डेक्कन ग्लेडिएटर्स के चैंपियन बनने के साथ ही 2 दिसंबर को अबू धाबी टी10 लीग 2024 का समापन हो गया, खिताबी मुकाबले में डेक्कन ग्लेडिएटर्स ने मॉरिसविले सैंप आर्मी को आठ विकेट से हराकर खिताब जीता। आठवें सीजन में टूर्नामेंट की लोकप्रियता काफी बढ़ गई, जिसमें जोस बटलर, निकोलस पूरन, ट्रेंट बोल्ट और कीरोन पोलार्ड जैसे कुछ बेहतरीन क्रिकेटरों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और दुनिया भर के प्रशंसकों ने वैश्विक प्रसारण के माध्यम से सबसे छोटे प्रारूप का आनंद लिया। ग्लेडिएटर्स अब टूर्नामेंट के इतिहास की सबसे सफल टीम है क्योंकि उन्होंने इस सीजन में अपना रिकॉर्ड तीसरा खिताब जीता है। उनके तीन खिलाड़ियों ने टूर्नामेंट के अंत में महत्वपूर्ण पुरस्कार भी जीते, जिसमें उनके स्टार बल्लेबाज और इंग्लिश कप्तान जोस बटलर ने 224.07 की स्ट्राइक रेट से 242 रन बनाकर प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का पुरस्कार जीता। सलामी बल्लेबाज टॉम कोहलर-कैडमोर को 222 रन बनाने के लिए टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज घोषित किया गया, जबकि रिचर्ड ग्लीसन को 10.07 की इकॉनमी से 14 विकेट लेने के लिए टूर्नामेंट का गेंदबाज चुना गया। स्थानीय खिलाड़ी शाहिद भुट्टा, जिन्होंने 10.93 की इकॉनमी से 10 विकेट लिए, को यूएई प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट चुना गया। इस सीजन में टूर्नामेंट के इतिहास में टीमों का सबसे बड़ा पूल भी देखा गया जिसमें दो नई टीमें- यूपी नवाब और अजमान बोल्ट को रोस्टर में जोड़ा गया। टूर्नामेंट के इतिहास में पहला शतक भी इसी सीजन में लगा जब शेरफेन रदरफोर्ड ने नॉर्दर्न वॉरियर्स के खिलाफ 40 गेंदों में नाबाद 103 रन बनाए। वैश्विक प्रसारकों के सहयोग से टूर्नामेंट का प्रसारण कई देशों में किया गया। इसमें डिजनी स्टार के साथ दो साल का करार भी शामिल था, जिसने भारतीय आबादी के लिए अंग्रेजी, हिंदी और अन्य क्षेत्रीय भाषाओं में टूर्नामेंट का प्रसारण किया।

### राशिद और नबी ने की महिला शिक्षा अधिकार के बहाली की अपील

नई दिल्ली। अफगानिस्तान क्रिकेट के सबसे बड़े नाम राशिद खान और मोहम्मद नबी ने तालिबान द्वारा नर्स और दाइयों के रूप में प्रशिक्षण लेने वाली महिलाओं के लिए संस्थानों को बंद करने की कथित रूप से कड़ी आलोचना की है। अगस्त 2021 में तालिबान के कब्जे के बाद से अफगानिस्तान में महिलाओं के अधिकारों के लिए ये बंदिशें एक नया झटका हैं। तालिबान ने लड़कियों और महिलाओं के लिए माध्यमिक और उच्च शिक्षा पर प्रतिबंध लगा दिया है, हालांकि अब तक चिकित्सा क्षेत्र में छूट मौजूद थी। लड़कियों और महिलाओं के खेल में भाग लेने पर भी प्रतिबंध लगा दिया गया है, जिससे आईसीसी के पूर्ण सदस्य के रूप में अफगानिस्तान की स्थिति लगातार जांच के दायरे में आ गई है।

## न्यूजीलैंड ने इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट के लिए प्लेइंग इलेवन में कोई बदलाव नहीं किया

वेलिंगटन। एजेंसी



न्यूजीलैंड ने गुरुवार को वेलिंगटन में इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज के आगामी दूसरे टेस्ट मैच के लिए प्लेइंग इलेवन घोषित कर दी है। टीम में कोई परिवर्तन नहीं किया गया है और उसी टीम को बरकरार रखा गया है, जिसने पहला टेस्ट मैच खेला था।

इससे पहले क्राइस्टचर्च में पहले टेस्ट में, इंग्लैंड ने आठ विकेट से जीत हासिल की, जिससे उन्हें कीवी टीम के खिलाफ टेस्ट सीरीज में 1-0 की बढ़त लेने में मदद मिली। आईसीसी के अनुसार, अपने पिछले 47 टेस्ट मैचों में, कीवी टीम ने आगामी वेलिंगटन टेस्ट सहित केवल तीन बार अपरिवर्तित टेस्ट एकादश की घोषणा की है। इस बीच, इंग्लैंड ने भी एक अपरिवर्तित प्लेइंग इलेवन की घोषणा की है।

मैच से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस में न्यूजीलैंड के कप्तान टॉम लैथम ने पहले टेस्ट में अपनी टीम के प्रदर्शन पर निराशा व्यक्त की और कहा कि उन्होंने फील्डिंग पर अतिरिक्त ध्यान नहीं दिया। लैथम ने कहा, हमने इस पर ज्यादा ध्यान नहीं दिया है। हम समझते हैं कि हम पिछले गेम में अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पर नहीं थे।

## सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी : अभिषेक ने केवल 28 गेंदों पर जड़ा शतक

नई दिल्ली। एजेंसी



भारत और सनराइजर्स हैदराबाद के बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने गुरुवार को मेघालय के खिलाफ पंजाब के लिए खेलते हुए सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी मैच के दौरान महज 28 गेंदों में शतक पूरा किया और किसी भारतीय बल्लेबाज द्वारा सबसे तेज टी20 शतक बनाने के उर्विल पटेल के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली। अभिषेक की 11 छक्कों वाली विस्फोटक पारी की बदौलत पंजाब ने 10वें ओवर में 143 रनों का लक्ष्य हासिल कर लिया। इस प्रदर्शन ने टूर्नामेंट में सलामी बल्लेबाज के औसत प्रदर्शन को भी तोड़ दिया। गुरुवार को मैच से पहले अभिषेक ने छह पारियों में 149 रन बनाए थे, जिसमें से सिर्फ एक बार उन्होंने पचास या उससे ज्यादा का स्कोर बनाया था। इस टूर्नामेंट में पहले गुजरात के उर्विल पटेल ने इंदौर में त्रिपुरा के खिलाफ 28 गेंदों में शतक बनाकर रिकॉर्ड बनाया था।

## व्यापार

# इजराइल की तरह भारत भी हजार लोगों पर एक स्टार्टअप का लक्ष्य रखें : गोयल

नई दिल्ली। एजेंसी



केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने गुरुवार को कहा कि भारत को प्रति एक हजार लोगों पर एक स्टार्टअप का लक्ष्य रखना चाहिए, जो कि नवाचार को बढ़ावा देने में इजरायल की सफलता से प्रेरणा लेता है। वाणिज्य मंत्री ने उद्योग जगत से बैंक ऋण प्राप्त करने में आ रही समस्याओं के बारे में जानकारी साझा करने का भी आग्रह किया। केंद्रीय वाणिज्य मंत्री गोयल नई दिल्ली में भारतीय वाणिज्य एवं उद्योग मंडल (एसोचैम) द्वारा आयोजित 'भारत@100 शिखर सम्मेलन' को संबोधित करते हुए यह बात कही।

उन्होंने कहा कि छोटा देश होने के बावजूद इजरायल ने नवाचार को प्राथमिकता दी है, जिसके परिणामस्वरूप हर 1,000 लोगों पर एक स्टार्टअप है। उन्होंने इस महत्वाकांक्षी लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए युवाओं में उद्यमशीलता को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता पर जोर दिया।

केंद्रीय मंत्री ने सम्मेलन में इस बात पर जोर दिया कि किस तरह मोदी सरकार के व्यापार करने में आसानी और जीवन जीने में आसानी बढ़ाने, नवाचार तथा उद्यमिता को बढ़ावा देने के प्रयासों के साथ-साथ हमारे सांस्कृतिक लोकाचार को अपनाने और उसका लाभ उठाने की पहल से 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य को हासिल करने में मदद मिलेगी। उन्होंने एसोचैम से आग्रह किया कि वह हमारी युवा आबादी में उद्यमशीलता की भावना पैदा करने के लिए उद्यमशीलता को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित करे। साथ ही उनकी मानसिकता को नौकरी की तलाश से हटाकर नवाचार के माध्यम से चुनौतियों का समाधान करने की ओर मोड़ें। उन्होंने सुझाव दिया कि सरकार सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यमों (एमएसएमई) के लिए वैकल्पिक वित्तपोषण मॉडल तलाशने के लिए तैयार है।

## शेयर बाजार में तेजी, 5वें दिन सेंसेक्स और निफ्टी ने लगाई जोरदार छलांग

नई दिल्ली। एजेंसी



घरेलू शेयर बाजार में तेजी का दौर गुरुवार को लगातार पांचवें दिन जारी रहा। एक बार फिर शेयर बाजार ने जोरदार मजबूती दिखाई। खरीदारी के सपोर्ट में से सेंसेक्स निचले स्तर से 1,850 अंक तक उछला।

इसी तरह निफ्टी निचले स्तर से 562.20 अंक तक उछलने में सफल रहा। हालांकि आखिरी 1 घंटे के कारोबार में मुनाफा वसूली की वजह से हुई बिकवाली के कारण सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांक ऊपरी स्तर से फिसल गए। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 1 प्रतिशत और निफ्टी 0.98 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुए। कारोबार में रियल्टी सेक्टर को छोड़ कर सभी सेक्टोरल इंडेक्स मजबूती के साथ बंद हुए। आईटी और बैंकिंग सेक्टर के शेयरों में जमकर खरीदारी होती रही। इसी तरह ऑयल एंड गैस, टेक, मेटल, कंज्यूमर ड्यूरेबल, कैपिटल गुड्स और एफएमसीजी इंडेक्स भी जोरदार मजबूती के साथ बंद हुए। हालांकि, ब्रॉडर मार्केट में मिला-जुला कारोबार होता हुआ नजर आया, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.27 प्रतिशत की तेजी के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.16 प्रतिशत की बढ़त के साथ कारोबार का अंत किया। शेयर बाजार में आई तेजी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में ढाई लाख करोड़ रुपये से अधिक की बढ़ोतरी हो गई।

### सर्राफा बाजार में सपाट कारोबार

नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में सपाट स्तर पर कारोबार हो रहा है। सोना और चांदी दोनों चमकीली धातुओं के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ है। सोने के भाव में बदलाव नहीं होने के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना भी 77,930 रुपये से लेकर 77,780 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी 71,450 रुपये से लेकर 71,300 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बना हुआ है। चांदी के भाव में भी लगातार दूसरे दिन कोई बदलाव नहीं हुआ है। इस वजह से दिल्ली सर्राफा बाजार में इसकी कीमत भी 91,000 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बनी हुई है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना 77,930 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 71,450 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं, देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 77,780 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 71,300 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

## ग्लोबल मार्केट से मिले-जुले संकेत एशिया में भी मिला-जुला कारोबार

नई दिल्ली। एजेंसी



ग्लोबल मार्केट से मिले-जुले संकेत मिल रहे हैं। अमेरिकी बाजार पिछले सत्र के दौरान मजबूती के साथ कारोबार करके बंद हुए। हालांकि डाउ जॉन्स फ्यूचर्स आज फिलहाल मामूली गिरावट के साथ कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है। यूरोपीय बाजार भी पिछले सत्र के दौरान मिले-जुले परिणाम के साथ बंद हुए। एशियाई बाजारों में भी फिलहाल मिला-जुला कारोबार हो रहा है। ओपेक प्लस देश की होने वाली बैठक में उत्पादन बढ़ाए जाने का फैसला होने की उम्मीद के कारण अमेरिकी बाजार में पिछले सत्र के दौरान मजबूती के साथ कारोबार होता रहा। डाउ जॉन्स पहली बार 45,000 अंक के ऊपर बंद होने में सफल रहा। इसी तरह एसएंडपी 500 इंडेक्स 0.61 प्रतिशत की मजबूती के साथ 6,086.49 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसके अलावा नैस्डैक ने 251.96 अंक यानी 1.29 प्रतिशत उछल कर 19,732.87 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स फिलहाल 0.06 प्रतिशत की गिरावट के साथ 44,987.84 अंक के स्तर पर कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है। यूरोपीय बाजार में पिछले सत्र के दौरान मिला-जुला कारोबार होता रहा। एफटीएसई इंडेक्स 0.28 प्रतिशत की गिरावट के साथ 8,335.81 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

# 'वित्तीय साक्षरता' थीम पर केंद्रित कर मनाया गया स्कूल का वार्षिक दिवस

## फाइनेंशियल स्मार्ट बनकर वित्त शास्त्र के सही उपयोग का दिया सकारात्मक संदेश

चमकता राजस्थान

**जयपुर! (खलील कुरैशी) 5 दिसंबर।** छात्रों को आवश्यक जीवन कौशल से तैयार करने के लिए स्कूल की प्रतिबद्धता का प्रदर्शन करते हुए स्कूल के वार्षिक दिवस का आयोजन थीम, 'वित्तीय साक्षरता' पर किया गया। जयपुर के बिड़ला ऑडिटोरियम में द पैलेस स्कूल ने 5 दिसंबर को अपना बहुप्रतीक्षित वार्षिक दिवस कार्यक्रम मनाया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में कॉन्सिलर डु कॉमर्स एक्सटेरियर डे ला फ्रांस (फ्रांसीसी विदेश व्यापार सलाहकार) और एमजीआईएस, अहमदाबाद की संस्थापिका डॉ. अंजू शेज़ो उपस्थित थीं। वहीं पैलेस स्कूल के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स की सदस्य, राजकुमारी गौरवी कुमारी विशिष्ट अतिथि के रूप में इस अवसर पर उपस्थित रहीं। एनसीसी कैडेटों द्वारा प्रस्तुत गार्ड ऑफ ऑनर ने उपस्थित सभी लोगों में गर्व की भावना पैदा की। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा पारंपरिक दीप प्रज्वलन के साथ हुई, जिसके बाद छात्रों ने एक श्लोक की भावपूर्ण प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण वार्षिक रिपोर्ट थी, जो प्रधानाचार्या उर्वशी वॉरमैन द्वारा दी गई,





### 'वित्तीय साक्षरता' के महत्व पर जोर देते हुए छात्रों को व्यावहारिक और सार्थक जीवन प्रणाली अपनाना चाहिएः राजकुमारी गौरवी कुमारी

जिसमें वर्ष भर की विद्यालय की उपलब्धियों को दर्शाया गया था।प्रतिभाशाली छात्रों ने संगीत वाद्ययंत्रों पर सुरीली जुगलबंदी और हंसध्वनि राग की प्रस्तुति से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनकी प्रस्तुति में स्थिर, अंतरा, तान और झाला शामिल थे, जो स्वर-लहरी का एक मधुर तराना था।

पंचतंत्र की क्लासिक कहानी 'हाथी की हिचकी' पर आधारित एक हल्का-फुल्का नाटक, 'बंदर की खुजली' ने वित्तीय साक्षरता और विकास के महत्वपूर्ण पहलुओं पर प्रकाश डाला, जिसने सरकार द्वारा प्रस्तावित विभिन्न निवेश और बचत योजनाओं की ओर ध्यान आकर्षित किया और बताया कि ये मॉड्यूल कैसे हैं तथा उन्हें विविध सामाजिक-आर्थिक पृष्ठभूमि के लोगों की जरूरतों को पूरा करने के लिए तैयार किया गया।विद्यालय के छात्रों द्वारा प्रस्तुत नृत्य प्रदर्शन ₹पधारो म्हारे देस₹ ने गुलाबी शहर जयपुर की सुंदरता और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का जश्न मनाया।मुंशी प्रेमचंद की क्लासिक कहानी 'कफन' पर आधारित एक लघु नाटक 'माया की चक्री' में ख्याल शैली के तत्वों को शामिल किया गया। इस नाटक ने दर्शकों को अपनी जरूरतों और इच्छाओं को प्राथमिकता देने पर विचार करने पर मजबूर किया। यह इस बात पर एक सूक्ष्म व्यंग्य था कि कैसे हमारी इच्छाएँ हमें अपने प्रियजनों की साधारण ज़रूरतों के प्रति असंवेदनशील बना सकती हैं, जो अक्सर न केवल वित्तीय बर्बादी की ओर ले जाती हैं बल्कि विश्वास, प्रेम और मानवता के दिवालियापन की ओर भी ले जाती हैं।डिजिटल धमाल, जी का जंजाल, एक नुक्कड़ नाटक है जिसका उद्देश्य दर्शकों के बीच आज के समय में प्रचलित विभिन्न प्रकार की साइबर धोखाधड़ी के प्रति जागरूकता पैदा करना है। नाटक में इस बात पर जोर दिया गया कि सचेत और सतर्क रहना तन, मन और धन की हानि से खुद को बचाने की कुंजी है।केवल आज नहीं है जीवन (गीत), श्री सत्यदेव बैरथ और द पैलेस विद्यालय के सहकर्मियों और छात्रों द्वारा रचित गीत और विद्यालय संकाय सदस्या, सुश्री प्रिया एंड्रयूज द्वारा रचित संगीत, कमाई, बचत और वापस देने के सार को खूबसूरती से दर्शाता है कार्यक्रम में कार्यक्रम की थीम के इर्द-गिर्द कई नृत्य प्रस्तुतियां भी आयोजित की गईं।

मुख्य अतिथि और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने वित्तीय साक्षरता के बारे में जागरूकता फैलाने में स्कूल के प्रयासों की सराहना की और छात्रों और कर्मचारियों की रचनात्मकता और कड़ी मेहनत की सराहना की।अंजू शेज़ो ने अनुभवात्मक शिक्षा की परिवर्तनकारी क्षमता और एनईपी 2020 के साथ इसके संरेखण पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि कैसे ये दृष्टिकोण समग्र विकास, महत्वपूर्ण सोच और आजीवन कौशल का पोषण करते हैं, जिससे भविष्य में महत्वपूर्ण विकास का मार्ग प्रशस्त होता है। उन्होंने बच्चे की शैक्षणिक यात्रा में प्रमुख हितधारकों के रूप में माता-पिता की महत्वपूर्ण भूमिका को भी रेखांकित किया, और बच्चे के समग्र विकास के लिए एक स्वस्थ सहायक वातावरण सुनिश्चित करने के लिए उनकी सक्रिय भागीदारी पर जोर दिया।राजकुमारी गौरवी कुमारी ने इस वर्ष के वार्षिक दिवस की थीम, ₹वित्तीय साक्षरता₹ के महत्व पर जोर दिया, छात्रों को व्यावहारिक और सार्थक तरीकों से आवश्यक जीवन कौशल से तैयार करने के स्कूल के प्रयासों की प्रशंसा की। उन्होंने विषयों की विविध श्रृंखला और नवीन शिक्षण विधियों को स्वीकार किया जो छात्रों को गंभीर रूप से सोचने, नए विचारों का पता लगाने और आजीवन कौशल विकसित करने के लिए प्रेरित करती हैं। उन्होंने प्रत्येक बच्चे के समग्र विकास के लिए विद्यालय की प्रतिबद्धता की भी प्रशंसा की, और इस बात पर प्रकाश डाला कि कैसे सैद्धांतिक ज्ञान और व्यावहारिक अनुप्रयोग का अनूठा मिश्रण इसे शिक्षा में अग्रणी के रूप में अलग करता है।

## संक्षिप्त समाचार

### मुख्यमंत्री की केंद्रीय मंत्रियों से मुलाकात

- कर्मभूमि से मातृभूमि कार्यक्रम राजस्थान के लिए साबित होगा वरदानः मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा
- जनभागीदारी से राजस्थान में होगा 45 हजार ट्यूबवेल रिचार्ज स्ट्रक्चर का निर्माण



**चमकता राजस्थान।** जयपुर!(खलील कुरैशी) 5 दिसंबर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गुरुवार को नई दिल्ली में केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी आर पाटिल से मुलाकात कर 'कर्मभूमि से मातृभूमि' अभियान पर विस्तृत चर्चा की। इस दौरान मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी मौजूद रहे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जल संचय के संकल्प को आगे बढ़ाते हुए 'कर्मभूमि से मातृभूमि' कार्यक्रम की पहल की गई है। उन्होंने कहा कि इस अभियान के अंतर्गत प्रवासी बंधुओं की जनभागीदारी के माध्यम से मातृभूमि के विकास में योगदान के रूप में राजस्थान राज्य में भूजल स्तर में बढ़ोतरी के लिए 45 हजार ट्यूबवेल रिचार्ज स्ट्रक्चर का निर्माण होगा। यह अभियान प्रदेश में वाटर रिचार्ज के क्षेत्र में वरदान साबित होगा।उल्लेखनीय है कि इस अभियान के अंतर्गत राजस्थान, मध्यप्रदेश एवं बिहार के प्रवासी बंधुओं द्वारा भूजल पुनर्भरण हेतु आधुनिक रिचार्ज शाफ्ट्स का निर्माण करवाया जाएगा, जिससे भूजल स्तर में वृद्धि होगी एवं जल संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा।मुख्यमंत्री की केन्द्रीय मंत्री मनसुख मांडविया से मुलाकात
मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गुरुवार को नई दिल्ली में केंद्रीय युवा मामले एवं खेल तथा श्रम एवं रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर उन्होंने प्रदेश में युवाओं के रोजगार व कौशल विकास के लिए किए जा रहे कार्यों एवं अन्य जनकल्याणकारी विषयों पर सार्थक चर्चा की।

### भाजपा को झटका, पूर्व विधायक जितेंद्र सिंह शंटी आप में शामिल

**नई दिल्ली/एजेंसी।** दिल्ली में चुनावी मौसम आते ही नेताओं का पार्टी बदलने का दौर शुरू हो गया है। भाजपा को झटका देते हुए उसके पूर्व विधायक और समाजसेवी जितेंद्र सिंह शंटी गुरुवार को आम आदमी पार्टी में शामिल हो गए। आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने उन्हें पार्टी की सदस्यता दिलाई और इसे पार्टी के लिए गर्व की बात बताया।

अरविंद केजरीवाल ने पूर्व भाजपा विधायक जितेंद्र सिंह शंटी के आप में शामिल होने का ऐलान किया। शंटी साल 2013 में भाजपा से विधायक रह चुके हैं। केजरीवाल ने उनका आप में स्वागत करते हुए कहा कि उनके आने से पार्टी को मजबूती मिलेगी।

मशहूर समाजसेवी और पद्म श्री जितेंद्र सिंह शंटी लावारिस लाशों का अंतिम संस्कार कराने, बीमार लोगों को एंबुलेंस सुविधा उपलब्ध कराने वाले और खुद 100 से अधिक बार रक्तदान करके रिकॉर्ड बना चुके हैं। वह 2013 में शाहदरा सीट से भाजपा के टिकट पर विधानसभा पहुंचे थे। राम निवास गोयल के आप से इस्तीफे के बाद शंटी को शाहदरा से टिकट मिलना लगभग तय माना जा रहा है।

# जयपुर ग्रामीण के पुलिस थाना शाहपुरा ने अवैध शस्त्र को लेकर की बडी कार्यवाही

## अवैध लोडेड पिस्टल व जिन्दा कारतूसो सहित अभियुक्त राजवीर गुर्जर किया गिरफ्तार

### अभियुक्त के रहवासी कमरे से 01 अवैध पिस्टल व 07 जिन्दा कारतूस किये बरामद

चमकता राजस्थान

**शाहपुरा ( खलील कुरैशी)** आनन्द शर्मा (आईपीएस) जिला पुलिस अधीक्षक जयपुर ग्रामीण ने जानकारी देते हुए बताया है कि जिले में चलाये जा रहे विशेष अभियान में वांछित अपराधियों की धरपकड व अवैध गतिविधियों की रोकथाम हेतु कार्यवाही करने को निर्देशित किया था जिसकी पालना में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय रजनीश पूनियां आरपीएस एवं वृत्ताधिकारी वृत शाहपुरा मुकेश चौधरी आरपीएस के सुपरविजन में तथा रामलाल पु.नि.थानाधिकारी शाहपुरा के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित की गई। पुलिस टीम को मुखबीर से सूचना मिली कि राजवीर गुर्जर अपने पास पिस्टल जैसा शस्त्र



रखता है, जिसको पकड़कर चौक किया जाये तो हथियार / शस्त्र बरामद हो सकता है। इत्यादि इत्तला पर त्वरित कार्यवाही करते हुये थानाधिकारी मय टीम ने मौके पर पहुंचकर ग्राम बिदारा में स्थित राजवीर गुर्जर के रहवासी कमरे को चौक किया तो एक लोडेड अवैध पिस्टल मय 07 जिन्दा कारतूस मिले, जिनको जप्त कर अभियुक्त राजवीर गुर्जर को गिरफ्तार कर प्रकरण दर्ज किया गया है। अभियुक्त से गहनता से पूछताछ व अनुसंधान जारी है।

- **गिरफ्तारशुदा अभियुक्त का विवरणः-**

1. राजवीर गुर्जर पुत्र रामजीलाल गुर्जर जाति गुर्जर उम्र 24 वर्ष निवासी ढाणी भैरुवाला तन बिदारा थाना शाहपुरा जिला जयपुर ग्रामीण।

पुलिस टीम विवरणः- रामलाल पु. नि. थानाधिकारी सीमा सिनसिनवार उ.नि.धर्मेन्द्र हैड कानि. 416 लेखराम कानि. 1740 सुरजमल कानि. 45 ज्योति मकानि. 2327

### गृह रक्षा बल का 62वां स्थापना दिवस समारोह शुक्रवार को

- डीजी होमगार्ड राजेश निर्माण लेंगे मार्च पास्ट की सलामी, बल के आला अधिकारी एवं कर्मचारी रहेंगे उपस्थित

**चमकता राजस्थान। जयपुर (खलील कुरैशी) 5 दिसम्बर।** गृह रक्षा बल का 62वां स्थापना दिवस शुक्रवार को फतेहपुरा बेगस स्थित केंद्रीय प्रशिक्षण संस्थान में मनाया जाएगा। महानिदेशक पुलिस होमगार्ड श्री राजेश निर्वाण इस अवसर पर परेड का निरीक्षण कर सलामी लेंगे। प्रातः 9:00 बजे से स्थापना दिवस के कार्यक्रम संचालित होंगे। इस अवसर पर गृह रक्षा बल के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहेंगेडीजी निर्वाण ने बताया कि वर्ष 1962 में देश और राजस्थान राज्य के नागरिकों को सुरक्षा और सहायता प्रदान करने और जीवन और संपत्ति की रक्षा करने के लिए स्वयं सेवी बल का संगठन ₹होमगार्ड₹ अस्तित्व में आया। होमगार्ड की मूल संकल्पना को विश्व युद्ध-2 के दौरान यूनाइटेड किंगडम में स्थानीय सुरक्षा के लिए गठित स्वंयसेवा बल से लिया गया है।

डीजी होमगार्ड ने बताया कि भारत-चीन युद्ध 1962 के दौरान हमारे देश में यह संगठन पुनर्जीवित हुआ। होमगार्ड नामक संगठन, देश के जिम्मेदार और स्वयंसेवी नागरिकों का बल, 1962 के चीनी आक्रमण के दौरान एक बड़ी ताकत बनकर सामने आया। संगठन की प्रभावशीलता को देखते हुए केंद्र द्वारा राज्यों को भी इस मॉडल को अपनाने और प्रत्येक राज्य में होमगार्ड बल गठित करनें की सलाह दी गई। इस दौरान कई राज्यो में एक साथ होमगार्ड का गठन हुआ, राजस्थान भी इनमें से एक था निर्वाण ने बताया कि नागरिक अव्यवस्था, अशांति, संघर्ष एवं सांप्रदायिक दंगो के समय पुलिस, प्रशासन एवं अन्य एजेन्सियों के सहयोगी के रूप में नागरिकों को सुरक्षा प्रदान करने, उत्पादन एवं आवश्यक सेवाओं की आपूर्ति निरंतर बनाये रखने व आमजन के उच्चकोटी मनोबल को बनाये रखने में निःस्वार्थ भाव से अपना योगदान देने के लिए नागरिक सुरक्षा और होमगार्डस के जुडवाँ संगठन की स्थापना राजस्थान राज्य में हुई।आज होमगार्ड राजस्थान के सभी 53 जिलों में पुलिस और राज्य सरकार की सहायता सुनिश्रित करने के लिए बॉर्डर होमगार्ड, शहरी होमगार्ड ओर ग्रामीण होमगार्ड में संगठित 30 हजार से अधिक स्वंयसेवक एक मजबूत शक्ति के रूप में खड़े हैं।

प्रेरणादायक अनुकरणीय एवं सकारात्मक पहल

# सामाजिक संस्था मां-मातृभूमि सेवा समिति द्वारा राजकीय माध्यमिक विद्यालय में बांटे गये स्वेटर

## खुशियां बांटने से दोगुनी हो जाती हैं, अगर वक्त मिले तो दूसरों के साथ अपनी खुशियां बांटेंः सुखवीर जाखड़

चमकता राजस्थान

जयपुर/ झज्जर !(खलील कुरैशी ): जिला मुख्यालय के अंतिम छोर पर बसे वीरों की देवभूमि कहे जाने वाले गांव धारौली की सामाजिक संस्था मां-मातृभूमि सेवा समिति द्वारा राजकीय माध्यमिक विद्यालय, धनिया गांव, जिला झज्जर के 53 जरूरतमंद विद्यार्थियों व 4 महिला कर्मचारियों को आयोजित वस्त्र समर्पण सेवा कार्यक्रम में कुल 57 स्वेटर वितरण की गई क स्वेटर पाकर सभी विद्यार्थियों के चेहरे खुशी से खिल उठे।समाजसेवी एवं शिक्षाविद् चेयरमैन सुखबीर जाखड़ ने कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप मे पधारे क अपने संबोधन में सुखबीर जाखड़ ने



कहा कि खुशियां बांटने से हमेशा खुशियां बढ़ती हैं, इसलिए कोशिश करें कि अपने साथ दूसरों को भी खुश रखें जिसे खुशियां आपकी दोगुनी हो जायेगी।सुधराणा गांव, जिला रेवाड़ी की समाजसेविका व रक्तदानी लक्ष्मी सिंह और पर्यावरण संरक्षण को समर्पित मंजीत सिंह अम्बोली निवासी, प्रो. श्री हँस बैग हाउस, कोसली ने कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की। लक्ष्मी सिंह व मंजीत सिंह ने संयुक्त रूप से अपने संबोधन मे कहा कि शास्त्रों व विद्वानों का भी कहना है कि मनुष्य को अपनी नेक कमाई से कुछ अंश सामाजिक कामों और जरूरतमंदों की भलाई में खर्च करना चाहिए कपवन कुमार, मुख्याध्यापक, राजकीय माध्यमिक विद्यालय, धनिया गांव, जिला झज्जर ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की कमुख्याध्यापक ने मां-मातृभूमि सेवा समिति की विद्यार्थियों को निःशुल्क स्वेटर वितरण करने की अनूठी पहल की भूरी भूरी प्रशंसा की। 21 बार रक्तदान कर चुके युद्धवीर सिंह लांबा, अध्यक्ष, मां-मातृभूमि सेवा समिति, वीरों की देवभूमि धारौली ने बताया कि सुखबीर जाखड़,चेयरमैन मंजीत सिंह लक्ष्मी सिंह,नवीन कुमार, युद्धवीर सिंह लांबा, धारौली, सागर यादव,अजय मलिक' प्रो. सोनू प्रेमसुख कुमार,नितेश भौरिया, रोहित यादव, पवन कुमार,धर्मपाल बेरीवाल,.फौजी महेश कुमार, मास्टर सतीश यादव, भाकली निवासी, अमित कुमार,.कुलवेन्द्र सिंह यादव आदि समाजसेवियों व शिक्षाविदों ने अपनी ईमानदारी से कमाया नेक धन से कार्यक्रम के सफल आयोजन मे सहयोग दिया।

### स्वेटर पाकर सभी विद्यार्थियों के चेहरे खुशी से खिल उठे

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक अभय सिंह चौहान के लिए एम बी प्रिंटर्स, सी 74 सुदर्शन पूरा, जयपुर से मुद्रित एवं 1ए देवी नगर विस्तार, देवी नगर गली नं. 6 जयपुर 302019 से प्रकाशित। सम्पादक : अभय सिंह चौहान,
मोबाइल : 9314505000 (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार) संपादक : खलील कुरैशी, मोबाइल : 7891542929